Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 59 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 13 अगस्त 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



स्वरुप का भान नहीं होने देने वाली कषाय है।
Hindrance Knows one's own form is passion.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### समाज कल्याण मंत्री मदन साहनी ने हरिहरनाथ मंदिर में पूजा किया

**सोनपुर।** सावन के पावन महीना पर बाबा हरिहरनाथ मंदिर मे बिहार सरकार समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने अपनी पत्नी के साथ सोनपुर हरिहरनाथ मंदिर मंदिर मे पूजा अर्चना और रुद्रभिषेक किया। प्रदेश की खुशहाली की कामना की मंदिर मे पूजा अर्चना सुशीलचंद्र शास्त्री भूटकून बाबा बमबम बाबा राहुल बाबा पवन बाबा सदानंद बाबा ने मन्त्रोंउच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने अंग वस्त्र बुके और मंदिर प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया इस अवसर पर उनके अपर सचिव उत्कर्ष कुमार और उनके बड़े पुत्र अभिषेक कुमार और उनकी पत्नी मंदिर सचिव विजयलाला कोषाध्यक्ष निर्भय सिंह ग्रामीण सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री मदन सहनी ने मंदिर कमिटी को धन्यवाद दिया और व्यवस्था की सराहना की और कहा की मंदिर मे हमसे जितना सहयोग होगा हम जरूर करेंगे और मंदिर मे पूजा करने आते रहते है ।

### दिल्ली में राजस्थानी तीजोत्सव मेला हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**नई दिल्ली।** दिल्लीवासियों सहित अप्रवासी राजस्थानियों के दिलों पर राजस्थानी कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और खानपान की यादें छोड़कर सात दिवसीय तीज उत्सव मेला आज समापन हो गया। तीज उत्सव में जहां एक ओर तीज़ की सवारी, मेहंदी प्रतियोगिता, पगड़ी प्रतियोगिता, राजस्थानी फैशन शो और सावन के झूलों के साथ- साथ सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। राजस्थान सरकार की मुख्य सचिव और मुख्य आवासीय आयुक्त सुधांश पंत एवं प्रमुख आवासीय आयुक्त श्री आलोक ने तीज मेला और सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का पूजा अर्चना कर आगाज किया। मेले कमें तीज की शोभा यात्रा में राजस्थानी परिधानों में सज्जित महिलाओं ने मंगल कलश लेकर यात्रा की शोभा बढ़ाई। तीज माता की सवारी निकालने के अवसर पर अतिरिक्त आवासीय आयुक्त अंजू ओमप्रकाश और उप आवासीय आयुक्त रिंकू मीणा सहित अन्य महिला अधिकारियों ने तीज प्रोसेशन में हिस्सा लिया।

### इंडियन टेक्सटाइल सेक्टर ने अपनाई स्थिरता के लिए नई पहल

**जयपुर।** अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल (एएमएच एसएससी)ने ब्लूसाइन0 के साथ साझेदारी में फाउंडेशन टू अपैरल सस्टेनेबिलिटी ई-लर्निंग कोर्स की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम जयपुर के मैरियट होटल में आयोजित हुआ, जो भारत के परिधान और कपड़ा क्षेत्र में स्थिर और नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।भारत का वस्त्र और परिधान उद्योग राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख आधार है।

## महिला डॉक्टर की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन

# हड़ताल पर 'भगवान' मरीज परेशान,सीबीआई जांच की मांग

नई दिल्ली/ एजेंसी

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में डॉक्टर की हत्या के विरोध में आज दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर हड़ताल पर हैं। एम्स और आरएमएल में डॉक्टर हड़ताल पर बैठ गए हैं। सीनियर्स डॉक्टरों ने मोर्चा संभाला लिया है। दिल्ली में केंद्र सरकार के चार अस्पताल में 40 हजार से अधिक मरीज आते हैं। तो वहीं दिल्ली सरकार के 38 अस्पताल में 42 हजार से ज्यादा मरीज इलाज कराने आते हैं। इस सभी अस्पताल में हजार से ज्यादा डॉक्टर हड़ताल कर रहे हैं। दिल्ली में एम्स, आरएमएल और एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठ गए हैं। एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि हमने नोटिस दिया। हम आज ओपीडी सेवा में शामिल नहीं होंगे। कोलकाता में हुई डॉक्टर की हत्या की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में डॉक्टर हड़ताल पर बैठ गए हैं।त्वरित न्याय की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन रविवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा, जिससे पश्चिम बंगाल के सरकारी अस्पतालों में सेवाएं बाधित रहीं। शहर के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने तीन दिनों में दूसरी बार अस्पताल का दौरा किया और विरोध प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच पारदर्शी है और अफ्वाहों को फैलने से रोकने का आग्रह किया। राज्य द्वारा संचालित अस्पतालों में जूनियर डॉक्टर, हाउस स्टाफ और स्नातकोत्तर प्रशिक्षु सुरक्षा उपायों में वृद्धि




की मांग करते हैं। वे इस बात पर जोर देते हैं कि सरकार को पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए, इस घटना को व्यापक प्रणालीगत और सामाजिक मुद्दों के लक्षण के रूप में उजागर करना चाहिए, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। विरोध प्रदर्शनों के जवाब में, राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने चल रहे संकट से निपटने के लिए वरिष्ठ डॉक्टरों की सभी छुट्टियाँ और अवकाश रद्द कर दिए हैं। हड़ताली डॉक्टरों को पूरे देश से समर्थन मिल रहा है, फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (स्न्ह्रञ्ज) ने हड़ताल का समर्थन किया है और सोमवार को अस्पतालों में वैकल्पिक सेवाओं को राष्ट्रव्यापी रूप से निलंबित करने का आह्वान किया है। विरोध करने वाले छात्रों की मांग के अनुसार, अस्पताल में तैनात एक सहायक पुलिस अधिकारी को हटा दिया गया। शहर के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने जांच की पारदर्शिता पर जोर दिया और किसी को भी बचाने के किसी भी प्रयास से इनकार किया। पुलिस सुझाव या शिकायत दर्ज करने के लिए जनता के लिए एक टोल-फ्री नंबर शुरू करने की योजना बना रही है। हालांकि, जूनियर डॉक्टरों ने अपनी सुरक्षा चिंताओं को पूरी तरह से दूर किए जाने तक अपना विरोध जारी रखने की कसम खाई है। शुक्रवार शाम से शुरू हुई उनकी काम बंद करने की कार्रवाई के तहत आपातकालीन और गैर-आपातकालीन सेवाएं निलंबित रहेंगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपराधी को मौत की सज़ा दिलाने की कसम खाई है।

### आपातकालीन सेवाएं रहेंगी जारी-डाक्टर्स

रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन का कहना है कि सिर्फ आपातकालीन सेवाएं मिलेंगी। ओपीडी, इलेक्टिव सर्जरी, वार्ड में सेवाएं, लैब में जांच सहित अन्य कार्यों में डॉक्टर मदद नहीं करेंगे। कोलकाता में जान गंवाने वाली डॉक्टर को न्याय दिलाने तक देशभर में सेवाएं प्रभावित रहेंगी।वहीं, फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के महासचिव डॉ. सर्वेश पांडे ने कहा कि जल्द न्याय मिलना चाहिए। घटना के खिलाफ देशभर के डॉक्टर एकजुट हैं। शनिवार को आरएमएल सहित दूसरे अस्पतालों के आरडीए ने कैंडल मार्च निकाला था। इस मामले में डॉक्टरों ने अधिकारियों से अपराधियों के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, देशभर में डॉक्टरों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की मांग रखी है।

## मवेशियों को चराने गई थी कवासी सुक्की

# आईईडी ब्लास्ट होने से एक महिला की मौत....

**सुकमा।** सुकमा जिले में एक बार फिर से नक्सलियों के लगाए गए आईईडी का शिकार एक ग्रामीण को होना पड़ा। यहां आईडी की चपेट में आकर एक महिला की मौके पर मौत हो गई। मामला थाना किष्टाराम के ग्राम डब्बामरका का है। मौके पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार, ग्राम डब्बामरका की महिला कवासी सुक्की (27) की नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट के कारण मौत हुई। महिला रोजमर्रा की तरह गाय चराने अपने गांव से निकली थी। इसी दौरान आईईडी पर पैर पड़ने से ये हादसा हुआ। दो दिन ही नक्सली संगठन ने बीजापुर में



आईईडी की चपेट में आकर बच्ची की मौत के मामले पर माफीनाम जारी किया था और इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न होने की बात कही थी। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने इस मामले पर कहा कि नक्सलियों द्वारा मनमाने तौर पर जगह-जगह लगाए गए।



जयपुर में भारी बारिश के बाद जलभराव वाली सड़क से गुजरते लोग।

## अंतरिम सरकार ने हिंदू समुदाय से मांगी माफी

# हम आपकी सुरक्षा करने में विफल रहे... सरकार

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के तख्तापलट के बाद अशांति और अस्थिरता बनी हुई है। कई इलाकों में हिंदुओं पर हमला किया गया है। उनके पूजा स्थलों को निशाना बनाया गया है। इसके खिलाफ रविवार राजधानी ढाका की सड़कों पर हजारों प्रदर्शनकारी उतरे और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए सुरक्षा की मांग की। इस बीच, देश की अंतरिम सरकार में गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम. सखावत हुसैन ने सुरक्षा प्रदान करने में विफ्ल रहने पर हिंदू समुदाय से माफी मांगी। हुसैन ने



कहा, हमने निर्देश दिया है कि हमारे अल्पसंख्यक भाइयों की सुरक्षा करना बहुसंख्यकों का परम कर्तव्य है। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं और इसके बजाय मस्जिद में नमाज पढ़ने में व्यस्त रहते हैं, तो उन्हें जवाब देना होगा कि वे सुरक्षा प्रदान करने में विफ्ल क्यों रहे।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर भाजपा का हमला

# यह आर्थिक अराजकता लाने की साजिश रची..रविशंकर...

नई दिल्ली/ एजेंसी

हाल ही में जारी की गई हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। सोमवार को भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह भारत के लोगों की ओर से ठुकराए जाने के बाद कांग्रेस, उसके सहयोगी और टूलकिट गैंग की देश में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट शनिवार को जारी हुई तो रविवार को हंगामा हुआ। इसके बाद सोमवार को पूंजी बाजार



अस्थिर हो गया। भारत शेयरों के मामले में सुरक्षित, स्थिर और आशावादी बाजार है। इस बाजार की निगरानी करना सेबी की कानूनी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जुलाई में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद जब सेबी ने हिंडनबर्ग को नोटिस जारी किया तो उसने अपना जवाब नहीं दिया। बल्कि बेबुनियाद हमला किया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हिंडनबर्ग में किसका निवेश है? एक सज्जन जॉर्ज सोरोस जो नियमित रूप से भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाते हैं। वे उसके मुख्य निवेशक हैं। नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफ्रत फैलाते हुए कांग्रेस भारत के खिलाफ नफ्रत पैदा कर ली है। अगर भारत का शेयर बाजार परेशान हो जाता है तो छोटे निवेशक परेशान होंगे। मगर कांग्रेस को इससे कोई सरोकार नहीं है।उन्होंने कहा कि राजनीति में एक है टूलकिट पॉलिटिक्स और दूसरी है चिट पॉलिटिक्स।

### रोहिंग्या शरणार्थियों की रिहाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। इसमें दो साल या उससे अधिक समय से अनिश्चित काल के लिए हिरासत में रखे गए रोहिंग्या शरणार्थियों को रिहा करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है। अधिवक्ता उज्जयिनी चटर्जी द्वारा दायर जनहित याचिका में कानून द्वारा स्थापित प्रक्रियाओं का उल्लंघन करके भारत में शरण चाहने वालों और युवाओं, महिलाओं और बच्चों सहित शरणार्थियों की अनिश्चितकालीन हिरासत को चुनौती दी गई है। याचिका में दो साल से अधिक समय से बंद रोहिंग्या बंदियों को रिहा। करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

## ममता बनर्जी का पुलिस को अल्टीमेटम

# रविवार तक आरोपी न पकड़े तो सीबीआई को सौंपेंगे केस

कोलकाता/ एजेंसी

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जूनियर डॉक्टर की हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममत बनर्जी ने बंगाल पुलिस को अल्टीमेटम दिया है। सोमवार को उन्होंने कहा कि पुलिस को आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं। अगर रविवार तक पुलिस मामले को नहीं सुलझा पाती है तो हम केस को सीबीआई को सौंप देंगे। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि जब मुझे कोलकाता पुलिस कमिश्नर से घटना के बारे



में पता चला, तो मैनें उनको तत्काल और तेज कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि अस्पताल में नर्स थीं, सुरक्षा कर्मी थे तो यह घटना कैसे हुई। पुलिस ने मुझे बताया है कि अस्पताल के अंदर कोई था। उन्होंने कहा कि मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किया जाएगा। पुलिस, डॉग स्क्वायड, फॉरेंसिक विभाग और अन्य टीमें काम पर लगी हुई हैं। आरोपी को पकड़ने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस रविवार तक मामले को निपटाने की कोशिश कर रही है। ऐसा न हुआ तो हम इस केस को अपने हाथ में नहीं रखेंगे। हम इसे सीबीआई को सौंप देंगे। वहीं डीसीपी नॉर्थ अभिषेक गुप्ता का कहना है कि अस्पताल में प्रवेश करने वाले लोगों के नाम अब एक रजिस्टर में दर्ज किए जाएंगे। कोई भी अवांछित व्यक्ति अस्पताल में प्रवेश नहीं करेगा। डॉक्टरों ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

## सुको से की अडानी मामले की जांच सीबीआई या एसआईटी को सौंपने की मांग

# कांग्रेस नेताओं ने मांगा सेबी प्रमुख माधबी बचु का इस्तीफा...

नई दिल्ली/ एजेंसी

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों की जांच की मांग दोहराई कि भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की अस्पष्ट ऑफ्शोर संस्थाओं में हिस्सेदारी थी। अडानी मनी साइफ्निंग घोटाला शेयर बाजार नियामक की अखंडता को बहाल करने के लिए उसके प्रमुख के इस्तीफे की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा सशक्त सर्वोच्च न्यायालय को सेबी के समझौते की संभावना को देखते हुए जांच को सीबीआई [केंद्रीय जांच ब्यूरो] या एक विशेष जांच दल (एसआईटी) को स्थानांतरित करना चाहिए। कम से कम, सेबी अध्यक्ष को सेबी की अखंडता को बहाल करने के लिए इस्तीफा देना चाहिए। माधबी पुरी बुच और धवल बुच ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उनमें कोई सच्चाई नहीं है। अदानी समूह ने आरोपों को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का दुर्भावनापूर्ण, शरारती और हेरफेरपूर्ण चयन कहा। रमेश ने दावा किया कि अडानी का मेगास्कैम सेबी की जांच के तहत 24 मामलों से आगे तक फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि इसमें अडानी समूह में निवेश किए गए ?20,000 करोड़ के बेनामी फंड का स्रोत, कोयला और बिजली उपकरणों में हजारों करोड़ की ओवर-इनवॉयसिंग और उस आय की लॉन्ड्रिंग शामिल है। हिंडनबर्ग रिसर्च एक वित्तीय शोध करने वाली कंपनी है, जो इक्विटी, क्रेडिट और डेरिवेटिव मार्केट के



आंकड़ों का विश्लेषण करती है। इसकी स्थापना साल 2017 में नाथन एंडरसन ने की थी। हिंडनबर्ग रिसर्च हेज फंड का कारोबार भी करती है। इसे कॉर्पोरेट जगत की गतिविधियों के बारे में खुलासा करने के लिए जाना जाता है। इस कंपनी का नाम हिंडनबर्ग आपदा पर आधारित है जो 1937 में हुई थी, जब एक जर्मन यात्री हवाई पोत में आग लग गई थी, जिसमें 35 लोग मारे गए थे।कंपनी के दावे के अनुसार, फर्म यह पता लगती है कि क्या शेयर मार्केट में कहीं गलत तरीके से पैसों की हेरा-फेरी तो नहीं हो रही है? क्या कोई कंपनी अकाउंट मिसमैनेजमेंट तो खुद को बड़ा नहीं दिखा रही है? क्या कंपनी अपने फायदे के लिए शेयर मार्केट में गलत तरह से दूसरी कंपनियों के शेयर को बेट लगाकर नुकसान तो नहीं पहुंचा रही। 10 अगस्त को हिंडनबर्ग ने सेबी प्रमुख सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच और अदाणी ग्रुप के संबंध में 46 पन्नों की एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सेबी की चेयरपर्सन बुच और उनके पति धबल बुच ने बरमूडा और मॉरीशस में अस्पष्ट विदेशी कोषों में अघोषित निवेश किया था। फर्म ने कहा कि ये वही कोष हैं जिनका कथित तौर पर विनोद अदाणी ने पैसों की हेराफेरी करने और समूह की कंपनियों के शेयरों की कीमतें बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया था।

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बीच अदाणी समूह की आठ कंपनियों के शेयरों में गिरावट, दो में लाभ

अदाणी समूह की सूचीबद्ध 10 कंपनियों में से आठ के शेयर सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए. अदाणी विल्मर के शेयर में चार प्रतिशत की गिरावट आई. अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह के शेयरों में गिरावट आई. बीएसई सेंसेक्स पर कारोबार के अंत में अदाणी विल्मर का शेयर 4.14 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस का 3.88 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का 3.70 प्रतिशत, एनडीटीवी का 3.08 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स का 2.02 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज का 1.09 प्रतिशत, एसीसी का 0.97 प्रतिशत और अदाणी पावर का 0.65 प्रतिशत गिरा.

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



# विष्णु सरकार आदिवासी भाई-बहनों के विकास के लिए संकल्पित होकर कर रही कार्य : लखनलाल देवांगन



**कोरबा(विश्व परिवार)।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कोरबा जिला अंतर्गत ग्राम बोइदा में आयोजित मूलनिवासी महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल हुए। इस अवसर पर वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने शहीद वीर नारायण सिंह, रानी दुर्गावती और बिरसा मुंडा के तैल्यचित्र की पूजन-अर्चन कर समाज के सभी लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री देवांगन का आदिवासी परंपरा की विशेष पहचान फेटा (पगड़ी), कलगी, छिट और तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज हम सब इस समाज के लोग विश्व आदिवासी दिवस पर एक साथ उपस्थित हुए है यह हमारे आदिवासी समाज के एकता का प्रतीक है। उन्होंने इस क्षेत्र में समाज के प्रमुखों की प्रशंसा करते हुए बताया कि अपने समाज को एक जुट रख कर अपने समाज, अपनी परंपरा को बचाएं रखने का प्रयास करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी भाई बहनों के विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में बढ़ी घोषणाएं पूरी की जा रही है। महतारी वंदन योजना की राशि हर महीने बहनों को मिल रही है। साथ ही और भी बहुत सारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अब सरकार जल्द ही चरण पादुका के वितरण शुरू करने जा रही है। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बच्चों में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र पाटनवार, ग्राम पंचायत बोइदा की अध्यक्ष हेमलता जगत, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, रघुराज सिंह, चंद्रिका प्रसाद उईके, जेवरा महासभा की अध्यक्ष जामबाई श्याम, परमेश्वर जगत, उत्तम सिंह मरावी, चंद्रभान सिंह पोर्ते, डी.पी. कोर्राम, शोभा सिंह जगत, कार्तिक राम सरोते, दशरथ सिंह कंवर, राम नारायण उइके समेत अधिक संख्या में समाज के आमजन उपस्थित रहे।

# सफाई मित्रों ने तिरंगा रैली निकाली

### सुभाष ब्लॉक से घंटाघर तक निकाली गई रैली, दिलाई गई तिरंगा शपथ



**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम कोरबा की स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली तथा हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संदेश दिया। घंटाघर में एकत्रित होकर स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों ने तिरंगा शपथ ग्रहण की।निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा की देखरेख में आयोजित उक्त तिरंगा रैली में स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय तिवारी सहित निगम के स्वच्छता विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण एवं स्वछता दीदिया व सफाई मित्र शामिल हुए। शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर की अजीत बसंत के मार्गदर्शन , पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के दिशानिर्देशन में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कोरबा में इस अभियान का शुभारंभ 9 अगस्त को प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किया था । इस आयोजन के तहत तिरंगा यात्राएं , तिरंगा रेलिया, तिरंगा दौड़ और मैराथन, तिरंगा कॉन्सटर्स , तिरंगा कैनवास , तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी , तिरंगा सम्मान , तिरंगा मेला आदि जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में आज नगर पालिक निगम कोरबा की स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों ने पंचमुखी हनुमान मंदिर सुभाष ब्लॉक एसईसीएल से महाराणा प्रताप नगर आवासीय कॉलोनी होते हुए घंटाघर तक तिरंगा रैली निकाली तथा हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील आम जनता से की ।

# यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए कोरबा पुलिस का अभिनव अभियान

### कोरबा पुलिस के द्वारा मार्ग मित्र समिति का किया गया गठन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बढ़ते यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी द्वारा अभिनव अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत ज़िले के हाईवे पर स्थित ब्लैक स्पॉट पर मार्ग मित्र समिति का गठन कराया गया था।जिसका विस्तार करते हुए उरगा कुदमुरा मार्ग में भी समिति का गठन किया गया है। ज्ञात हो कि ज़िले में पाली-कटघोरा- अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 और उरगा- कुदमुरा मार्ग को दुर्घटनाजन्य सड़क के रूप में चिह्नांकित किया गया है। जिसमें सड़क दुर्घटना में अत्यधिक मृत्यु हुई है।इस जगह को ध्यान में रखते हुए यहाँ आसपास की दुकान और निवास करने वालों को मार्ग मित्र बनाया गया है और उन्हें कुछ भी दुर्घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने और एम्बुलेंस को बुलाने के संबंध में बताया गया है। जिसमें पूर्व में कुल 18 समितियों का गठन किया गया है जिसमें कुल 67 लोगों को जोड़ा गया और उन्हें मार्ग मित्र बनाया गया। अभी इसका विस्तार करते हुए कुल 26 समिति हो गई है और कुल 107 मार्ग मित्र बन गए है। जगह जगह पर सजग कोरबा का पैम्फ़्लेट भी चिपकाया गया है और लोगों को जागरूक किया गया है।सभी मार्ग मित्र से पुलिस के मोबाइल नंबर साझा किए गए। कोरबा पुलिस के द्वारा यातायात दुर्घटना में कमी लाने के लिए आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रखी जाएगी।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने मिनी माता की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**कबीरधाम(विश्व परिवार)।** कवर्धा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा शहर मण्डल ने समाज सुधारक ममतामयी मिनी माता की पुण्य तिथि पर मिनी माता चौक में स्थापित मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट ने कहा मिनी माता का जन्म 13 मार्च 1913 होलिका दहन के मध्य रात्रि को नवागांव असम में हुवा जिनकी माता का नाम देवमती एवं पिता का नाम महंत बूधारी दास था और मिनिमता का बचपन का नाम मीनाक्षी देवी था। मिनी माता बचपन से छुवा छूत भेद भाव नारी शक्ति को शिक्षा में बढ़ावा देने हेतु संघर्ष की और हमारे कबीरधाम जिले के लिए गर्व की बात की मिनी माता के पूर्वज हमारे जिले के पंडरिया ब्लाक ग्राम सैगोना के माल गुजार थे। सन् 1932 को गुरुगोसाई अगम दास के साथ मिनी माता 1952 से लेकर 1972 तक सांसद रही। 11 अगस्त के मध्य रात्रि हवाई दुर्घटना में मृत्यु हो गई और पूरे देश में शोक की लहर उमड़ पड़ी। तब से लेकर हम मिनी माता को पुण्य तिथि पर याद करके उनके दिखाया हुए मार्ग पर चलने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक , सहित मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बिलासपुर को साल के अंत तक मिलेगा 50 इलेक्ट्रिक बस

### जिले की महिला समूह बना रहीं 2 लाख तिरंगा

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** अपर मुख्य सचिव गृह एवं जेल विभाग तथा जिले के प्रभारी सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने एक एक विभाग से जानकारी लेकर कार्यों में और तेजी लेकर लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौसमी बीमारियों और खेती किसानी की विशेष समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर यदि किसी विभाग का प्रस्ताव लंबित है, तो बताएं ताकि फॉलोअप कर तत्काल उसका निराकरण किया जा सके। बैठक में कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह समेत तमाम विभागों के आला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक की कार्रवाई का संचालन करते हुए विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। प्रभारी सचिव ने पुलिस विभाग की समीक्षा करते हुए नारकोटिक्स और ड्रग्स के खिलाफ तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सभी विभाग आपसी तालमेल से काम कर इसे शुरुआती दौर में ही खत्म कर दें। अवैध शराब, जुआ, सट्टा सभी तरह के अपराधों की जड़ हैं। इन पर लगातार और कठोरता से कारवाई जारी रखा जाए। उन्होंने कम्यूनिटी पुलिसिंग के लिए शुरू की गई चेतना अभियान की सराहना की। एसपी रजनेश सिंह ने प्रस्तुतिकरण के अपराध नियंत्रण, सड़क दुर्घटना रोकने और सुगम यातायात के लिए की गई व्यवस्थाओं से अवगत कराया। कृषि और सिंचाई विभाग की समीक्षा में फसलों के ताजा हालात की जानकारी ली। बताया गया की 93प्रतिशत खरीफ की बोआई हो चुकी है। कुछ दलहन और रोपा कार्य बचा है जो कि 15 अगस्त तक पूरा हो जाएगा। खूंटाघाट सहित अधिकांश जलाशय भरे हुए हैं।पिछले कुछ दिनों में पर्याप्त पानी गिरने से पानी छोड़ने की फिलहाल नौबत नहीं है। अपर मुख्य सचिव ने पशुधन विकास विभाग की भी जानकारी ली। बताया गया कि जोगीपुर में लगभग 150 एकड़ में गौ अभ्यारण्य जल्द शुरू किया जाएगा। आवारा पशुओं को इसमें रखा जाएगा। फिलहाल पशुओं में कोई किस्म की बीमारी नहीं है। सभी जरूरी टीका लग चुके हैं। उन्होंने सड़क किनारे के ग्रामों में पशुपालकों को जागरूक करने के अभियान को जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा की। बताया गया कि महिला समूहों द्वारा 2 लाख तिरंगा तैयार किया जाकर ग्रामों में आपूर्ति की जा रही है। प्रभारी सचिव ने नगर निगम में संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की नगर निगम आयुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 8000 का लक्ष्य पूर्ण हो चुका है।दूसरे किस्त के रूप में 4000 का और लक्ष्य प्राप्त हुआ है,जिसे भी पूरा कर लिया जाएगा।

# सीएसईबी ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण

### मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री अजीत बसंत और पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने सीएसईबी ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारी का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गाड़ियों की पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी तैयारियों को समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। 13 अगस्त को स्वतंत्राता दिवस के संबंध में अंतिम रिहर्सल किया जाएगा। कलेक्टर ने नगर पालिक निगम को आयोजन स्थल पर मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग, श्री अनुपम तिवारी,पीडब्ल्यूडी ईई श्री जी आर जांगडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सीएसईबी पूर्व ग्राउंड में समारोह स्थल पर दर्शकों के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक व्यवस्था को परेड स्थल से दूर रखने तथा बारिश के मौसम को देखते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परेड में सीआईएसएफ पुलिस, नगर सेना एवं एनसीसी, स्काउट गाइड की टुकड़ियां भाग लेंगे। समारोह सुबह नौ बजे शुरू होगा। समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के छत्तीसगढ़ वासियों के लिए प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा।

# भारी बारिश के बाद खेत में पहुंचा मगरमच्छ

**रतनपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में हो रही भारी बारिश के चलते नदी-नाले भर गए हैं और खेतों में फसलें लहलहाने लगी हैं। रतनपुर के खूंटाघाट डैम से मगरमच्छ भी आबादी की ओर बढ़ने लगे हैं। शनिवार सुबह रतनपुर के राम टेकरी के पास बिकमा तालाब के किनारे स्थित एक खेत में धान की फसल के बीच एक बड़ा मगरमच्छ दिखाई दिया। सुबह के वक्त जब ग्रामीणों ने धान के खेत में 9 फीट लंबे मगरमच्छ को देखा, तो पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। लोगों ने अपने घरों से बाहर निकलकर खेतों की ओर दौड़ लगाई, जहां मगरमच्छ पानी में लौट रहा था। मगरमच्छ को देखकर तुरंत वन विभाग को सूचित किया गया, लेकिन काफी देर तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इस पर स्थानीय युवकों ने खुद ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। उन्होंने मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ा और फिर उसे एक ऑटो में भरकर खूंटाघाट बांध में छोड़ दिया। इस घटना ने न केवल स्थानीय लोगों में दहशत पैदा की, बल्कि वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए हैं, जिन्होंने समय पर पहुंचकर स्थिति को संभालने में देरी की। ग्रामीणों की सतर्कता और सूझबूझ से एक बड़ी अनहोनी टल गई।

## संक्षिप्त समाचार

# जंगल में बना रही थी महुआ शराब, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** भाटापारा पुलिस द्वारा अवैध महुआ शराब बनाने वाले अड्डे पत्थरी सबरिया डेरा टुण्डरा में मारा गया छापा मुखबिर से सूचना मिली कि टुण्डरा पत्थरी सबरिया डेरा में आसपास के क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए एक शराब कोचिया द्वारा भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाकर डम्प किया गया है। इसके साथ ही अवैध महुआ शराब बनाने के लिए महुआ पास (लहान) भी भारी मात्रा में रखा गया है, जिसका उपयोग आगे चलकर महुआ शराब बनाने में किया जाएगा। कि सूचना पर निरीक्षक के.सी.दास, प्रधान आरक्षक पीलाराम, नरेश खूंटे, आरक्षक सुजीत तंबोली, रामलाल, मिलन साहू, विजय मिलन एवं महिला आरक्षक उर्मिला एक्का की पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित योजना बनाकर पत्थरी सबरिया डेरा में छापा मारा* गया। इस दौरान मौके पर अवैध महुआ शराब के सांथ *आरोपी फूलबाई उर्फकरेहीन उम्र 46 साल निवासी पत्थरी सबरिया डेरा टुण्डरा थाना गिधौरी को पकडा* गया है। आरोपिया से ?21,000 कीमत मूल्य का 105 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा भारी मात्रा में महुआ शराब पकड़े जाने के डर तथा उसे छुपा कर कहीं रखे होने के अंदेशा पर संपूर्ण स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया, *जिसमें महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल लगभग ?1,05,000 कीमत मूल्य का 15 क्विंटल महुआ पास (लहान) भी बरामद* किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया है।

# पिकअप पलटने से दस वर्षीय बच्ची की मौत

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** श्रद्धालुओ से भरी तेज रफ्तार पिकअप वाहन टर्निंग के दौरान अनियंत्रित होकर पलटी, 10 साल की एक बच्ची वैष्णवी साहू पिता सुरेंद्र साहू, ग्राम किरकि जिला बेमेतरा की पिकअप में दबने से मौके पर हुई मौत,10 से अधिक लोग घायल,20 से अधिक लोग पिकअप में थे सवार, घायलों को एंबुलेश की मदद से इलाज के लिए भेजा रहा जिला अस्पताल, भोरमदेव मंदिर दर्शन करके सरोधा बांध घूमने जा रहे थे श्रद्धालु,बेमेतरा जिला के ग्राम किरकी रहने वाले पिकअप सवार लोग। भोरमदेव थाना क्षेत्र के हरमो गांव पास की घटना,मौके से पिकअप चालक दालू वर्मा हुआ फरार,भोरमदेव थाना पुलिस की टीम मौके पर मौजूद।

# आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही है हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**रायगढ(विश्व परिवार)।** केंद्र सरकार नई दिल्ली एवं संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा शहीदों, क्रांतिकारियों, स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान के लिये 9 से 15 अगस्त 2024 तक तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ और मैराथन, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सम्मान, तिरंगा सम्मान का निबंध, चित्रकला एवं वाद विवाद, तिरंगा कॉनसट्र्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान, तिरंगा मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित कर जनमानस में जागृति लाने का निर्देश दिये गये है। निर्देश के परिपालन में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों में शनिवार 10 अगस्त को बच्चों को तिरंगा शपथ दिलाया गया। साथ ही तिरंगा का सम्मान घर-घर और आमजन पहुचे इसके लिये स्कूलों में साईकल रैली और तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शिक्षकों, बच्चों, पालकों, आमजन, जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबन्ध समिति के सदस्यों से अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज फ्हराने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सभी से आग्रह किया जा रहा है कि अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फ्हराते हुये सेल्फी वेबसाइट हर घर तिरंगा डॉट कॉम में अपलोड करें।

# कबीरधाम में फिर पलटी पिकअप, बच्ची की मौत

**कबीरधाम(विश्व परिवार)।** जिले में 11 अगस्त को एक और बड़ा पिकअप हादसा हो गया है। श्रद्धालुओं से भरी तेज रफ्तार पिकअप वाहन टर्निंग के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 10 साल की एक बच्ची की पिकअप में दबने से मौके पर ही मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, भोरमदेव थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए इस हादसे में 10 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि, 20 से अधिक लोग पिकअप में सवार थे। सिंगल रोड पर तेज रफ्तार से भाग रहे पिकअप पलटकर दूर खेत में जा गिरी। पिकअप के पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। महिलाएं चीखती-चिल्लाती और दहाड़ें मारकर रोती दिखीं। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

# संपादकीय

## छोटे किसान खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत....

वैश्विक खाद्य सुरक्षा के साथ पोषण भी काफी जरूरी है। कृषि अर्थशास्त्रियों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र का यह कहना बेहद अहम है। इसकी कई वजहें हैं। खाद्यान्न उत्पादन में भारत हमेशा से समृद्ध और सक्षम रहा है। आजादी के वक्त भले हमारी स्थिति कमजोर थी और खाद्य सुरक्षा चुनौती थी, मगर आज हम खाद्य अधिशेष देश हैं। दूध, दाल एवं कई मसालों का सबसे बड़ा व खाद्यान्न, फल-सब्जी, कपास, चीनी, चाय व मछली का दूसरा बड़ा उत्पादक हैं। दरअसल, यह सबकुछ संभव हुआ है खेती में नई नीतियों का समायोजन करके। चूंकि भारत में छोटे किसान खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं इस नाते भारत वैश्विक हो रही खाद्यान्न समस्या को सही और समग्र तरीके से समझने वाला देश है औंर इसके निदान के लिए भारत के मॉडल कई देशों के काम आ सकते हैं। देश की 70 फीसद से ज्यादा की आबादी खेती-किसानी करती है। भारतीय अर्थव्यवस्था को विस्तार और ताकत देने में खेती का बहुमूल्य योगदान है। साफ है कि कृषि हमारी आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। जहां तक बात वैश्विक तौर पर खाद्य संकट को दूर करने की है तो भारत ने ऐसे कई उपाय तलाशे हैं, जिससे इस बड़ी समस्या को हल किया जा सकता है। इसमें प्राकृतिक खेती का चलन सबसे कारगर है। अच्छी बात है कि इसके परिणाम भी सुखद आ रहे हैं। स्वाभाविक है सरकार के लिए यह वाकई सुखकारी स्थिति है। यही वजह है कि इस बार के बजट में कृषि के सतत विकास पर बड़ा फोकस है। हां, चुनौती भी हमारे दरपेश है। क्योंकि जलवायु में हाहाकारी बदलाव ने कृषि के रंग-ढंग को बदल कर रख दिया है। इस नाते शोध की जरूरत आन पड़ी है। हालांकि हमारा जोर शोध व नवाचार पर है और जलवायु के अनुकूल फसल की 1900 प्रजातियां हमने दुनिया को दी हैं। पानी की कमी या चावल उत्पादन में पानी की भारी जरूरत ने यह चर्चा भी तेज कर दी है कि हमें अब ऐसी फसल के उत्पादन पर सोच-समझकर फैसला लेना होगा, जहां पानी की ज्यादा जरूरत पड़ती है। इन सबके बावजूद कृषि की हमारी प्राचीन मान्यताओं के दम पर हमें यह कहने में कतई गुरेज नहीं कि वैश्विक खाद्य संकट का निदान हम ही दे सकते हैं। पूरी दुनिया हमारी काबिलियत से वाकिफ है और यही हमारी ताकत भी है।

आलेख

## राजनैतिक दलों का आत्मचिंतन

अजय दीक्षित

खबर है कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने देश के भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वहां के उप मुख्यमंत्रियों से दो दिन तक मंथन किया । अब मीडिया में यह तो नहीं आया कि इस मंथन की विषय वस्तु क्या थी, परन्तु यह तो निश्चित ही है कि भाजपा के गिरते ग्राफ और कई राज्यों में मुख्यमंत्रियों की प्रति असंतोष पर गहन चर्चा हुई होगी । मीडिया में यह तो आया है कि उत्तर प्रदेश में केशव प्रसाद मौर्य व अन्य उप मुख्यमंत्रियों का योगी जी द्वारा आहूत बैठकों में भाग न लेने को अनुशासनहीनता माना गया है । मैं पहले लिख चुका हूं कि प्रोटोकॉल के अनुसार नड्डा जी को केशव प्रसाद मौर्य को समय देकर उनसे नहीं मिलना चाहिए था । पिछले कुछ दिनों से केशव प्रसाद मौर्य खुलेआम कह रहे हैं कि सरकार से बड़ा संगठन होता है । परन्तु भाजपा का शीर्षस्थ नेतृत्व अभी उत्तर प्रदेश में योगी जी को बदलने नहीं जा रहा है । प्रधानमंत्री तो कई बार कह चुके हैं कि यूपी योगी यानि उपयोगी । यह खबर भी काफी प्रचलित है कि योगी जी प्रधानमंत्री की कुर्सी की ओर देख रहे हैं । परन्तु 2029 के लोकसभा चुनाव में भी अभी मोदी जी ही चौथा टर्म करेंगे । योगी जी की बुलडोजर नीति घरेलू मामले में कामगार हो सकती है, परन्तु अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य के बारे में योगी जी की परीक्षा अभी हुई नहीं हैं । विश्व स्तर पर आज मोदी जी सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं । कई करोड़ से ज्यादा विदेशी भी मोदी जी के भक्त हैं । जिस तरह मोदी जी यूक्रेन और रूस तथा रूस और अमरीका के बीच भारत के संबंधों में बैलेंस बनाये हुये हैं, ऐसी डिप्लोमेसी शायद अभी किसी अन्य नेता के पास डिप्लोमेसी नहीं है । परन्तु भाजपा की तत्काल चिंता अपना वोट बैंक बढ़ाने की है । 400 पार और स्वयं के लिए 370 का नारा फेल हो गया और भाजपा 240 पर ही सिमट गई । वह स्वयं के 272 जीतकर भाजपा की सरकार नहीं बना पाई । आज गठबंधन की सरकार के प्रधानमंत्री मोदी जी हैं । असल में दूसरी पार्टी से लाये गये लोगों को तत्काल मंत्री बनाने से पुराने भाजपाई खुश नहीं हैं । मध्य प्रदेश में जिस प्रकार विजयपुर के विधायक रामनिवास रावत को पहले राज्य मंत्री और फिर पन्द्रह मिनट बाद कैबिनेट मंत्री बना दिया गया, इससे भाजपाई विधायक आहत हैं । फिर उन्हें मंत्रालय भी उनकी पसंद का दिया गया है । वे भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं । परन्तु अभी तक उन्होंने सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया है और न ही विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने दल परिवर्तन के आधार पर उनकी सदस्यता रद्द की है । असल में महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में विधानसभा अध्यक्ष उसी पार्टी का होता है, अत- वह नियम की अपेक्षा पार्टी हित ज्यादा देखता है । आम आदमी पार्टी में स्वाति मालीवाल का प्रकरण भी खबरों में है । असल में कहते हैं, अरविन्द केजरीवाल उनसे राज्यसभा से इस्तीफा देने को कह रहे हैं ताकि मनु सिंघवी को राज्यसभा सदस्य बनाया जा सके । समाजवादी पार्टी में चाचा भतीजे में अन्दर कलह है । यूं बाहरी तौर पर वे इसे प्रकट नहीं करना चाहते । अब विधानसभा में कौन लीडर ऑफ अपोजिशन होगा, यह सपा तय नहीं कर पा रही है । कई राजनैतिक दल अपने अन्तर कलह से परेशान हैं । यह स्थिति देश हित में नहीं है । मोदी जी कहते हैं पार्टी से बड़ा देश है ।

15 अगस्त,स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रासंगिक आलेख

## उन्हें याद करें,जो घर नहीं लौटे-मुनि श्री अक्षयसागर जी महाराज

**( विश्व परिवार )।** सदियों की गुलामी के पश्चात् 15 अगस्त सन् 1947 के दिन भारत देश आजाद हुआ था। पहले हम अंग्रेजों के गुलाम थे। उनके बढ़ते हुए अत्याचारों से सारे भारतवासी त्रस्त हो गए और तब विद्रोह की ज्वाला भड़की और भारत देश के अनेक वीरों ने प्राणों की बाजी लगाई और अंततः आजादी पाकर ही चैन लिया। सदियों के त्याग और बलिदान , राष्ट्र के बलिदान की बेदी पर हंसते-हंसते चढ़ने वाले, कुछ मानव पुष्पों के समर्पित होने के बाद, गुलामी की जंजीर टूट गई और पंद्रह अगस्त को हमारी स्वतंत्रता की प्रथम उषा बेला का आगमन हुआ।

राष्ट्रध्वज हमारे यश, मान, स्वतंत्रता और आदर्श का चिह्न है : जिन भवनों और इमारतों पर 15 अगस्त के पूर्व तिरंगा झंडा लगाने का हमें अधिकार नहीं था, पंद्रह अगस्त को उन्हीं पर ध्वजारोहण हुआ। दिल्ली का लाल किला, 1857 का विजय स्मारक, असेम्बली का भवन और वाइसराय का भवन कितने दिनों से उस तिरंगे की प्रतीक्षा कर रहा था।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर हिन्दुस्तान में जगह-जगह हवा में लहराता झंडा हमें स्वतंत्र भारत का नागरिक होने का अहसास कराता है। आजादी से लेकर आज तक भारत देश ने कई उतार-चढाव देखे है और हर प्रकार की परिस्थिति में अपने गौरव को बढ़ाया है व विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। आज से 77 वर्ष पूर्व उन्हीं पर राष्ट्रध्वज गौरव के साथ फ्हराया गया। राष्ट्रध्वज हमारे यश, मान, स्वतंत्रता और आदर्श का चिह्न है। यह ध्वज सन्देशवहन का साधन है। राष्ट्रध्वज का केशरिया रंग हमें यह बताता है कि जब तक हम त्याग और बलिदान नहीं कर पाएंगे तब तक देश की रक्षा नहीं होगी। सफेद रंग हमें यह बताता है कि अहिंसा और सत्य मार्ग के बिना हमारी भारतीय संस्कृति टिक नहीं सकती। हरा रंग समृद्धि का प्रतीक है, इसलिए प्रकृति और निसर्ग की रक्षा हमें करनी चाहिए। ध्वज के बीच में जो चौबीस आरेवाला नीले रंग का धर्मचक्र हमारे लिए गतिमान और उन्नति का प्रतीक माना जाता है। यह हमें यही बताता है कि देश को रुकना नहीं, सदा गतिमान चलते रहना चाहिए।

### अहिँसा के बल पर मिली आजादी :

15 अगस्त हमारे भारत के इतिहास में ही नहीं समग्र संसार के इतिहास में बड़ा महत्व का स्थान रखता है। इस दिन भारत हिंसा के बलपर नहीं, अहिंसा के बलपर स्वतंत्रता को प्राप्त करके सारे संसार के सामने रखा कि भारत के पास एक ऐसा अमोघ शस्त्र है , जो विश्व में किसी अन्य राष्ट्रों के पास नहीं है।

### वीर-वीरांगनाओं को याद करने का दिन :

हमें आजादी दिलाने के लिए न जाने कितने वीर वीरांगनाओं ने अंग्रेजों की अमानवीय यातनाओं व अत्याचारों का सामना किया और देश की आजादी के लिए अपनी आहुतियां दी। यह दिन ऐसे ही वीर-वीरांगनाओं को याद करने का दिन है।

15 अगस्त कितना पुण्य का दिन है, यह हम केवल शब्दों में वर्णन नहीं कर सकते क्योंकि यह राष्ट्रीय पर्व है। इस दिन भारत के इतिहास में नया परिवर्तन हुआ था, सदियों से राज्य करनेवाली सत्ता का अंत हुआ और अपने भारतीय शासन का पुनः निर्माण हुआ।



### दृढ़ संकल्प से मिली आजादी :

भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य क्या है? इस भारत भूमि के प्रति अपनी जिम्मेदारी क्या है? स्वतंत्रता का महत्व क्या है? यह प्रश्न प्रत्येक नागरिक के सामने जब आएगा तभी इसका महत्व माना जायेगा, क्योंकि आजादी के आंदोलन , देशप्रेम उनकी जीवनगाथाएँ , उनके दुःख भरे अनुभव, कई लोगों के परिवारों की बर्बादी , जेल में कंकड़ और पत्थर से मिली रोटियां और हंटरों से कोड़े खाए, अनेकानेक यातनाएं सह लीं, अत्याचार सहन किए, लेकिन सभी का एक लक्ष्य था-,हमें देश को आजाद कराना है। मर जायेंगे, मिट जाएंगे पर आजादी लेकर ही रहेंगे, ऐसे दृढ़ संकल्प से ही हमारा देश आजाद हो पाया।

आज हम उन्हें याद करें, जो घर नहीं लौटे, क्योंकि फांसी के फंदे , जेल की दीवारें और गोलियों की बौछारें उन्हें भयभीत न कर पायीं। वे जंजीरें उनको बांध नहीं सकीं, परिवार की बर्बादी के बाद भी वे अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुए। भारत के अनेक सपूतों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर इस स्वतंत्रता का चिराग जलाया है।

### स्वतंत्रता की अक्षुण्णता बनाए रखें :

राष्ट्र की उन्नति हमारा प्रधान लक्ष्य होना चाहिए। हमारी स्वतंत्रता का प्रधान ध्येय धार्मिक आचरण, राष्ट्रीय चारित्र को उन्नति देने वाला है। व्यक्ति के आचरण से राष्ट्र का निर्माण होता है। आज यह बात मैं इसलिए बता देना चाहता हूँ कि आज के कई नेता और पहले के नेता में बहुत अंतर है । हर जनप्रतिनिधि का फर्ज है कि वह अपने और अपने लोगों का प्रतिनिधि बनने की बजाय अपने क्षेत्र की सम्पूर्ण जनता के प्रतिनिधि बनें और देश के सभी जनप्रतिनिधियों को न्यायप्रिय शासन करना चाहिए, जिसमें समाज के हर तबके के लिए स्थान हो तभी हमारी स्वतंत्रता अक्षुण्ण रह पाएगी।

### स्वतंत्रता की आड़ में स्वच्छंदता :

आज राष्ट्र का जीवन हमारी युवा पीढ़ी पर निर्भर है और युवा पीढ़ी ही हमारे देश की सबसे बड़ी निधि है, लेकिन महाभारत के अभिमन्यु जैसे व्यसनों के चक्रव्यूह में आज के युवक फंसते जा रहे हैं । अभिमन्यु को चक्रव्यूह में जाने का तो ज्ञान था, लेकिन वापस लौंटने का नहीं। वैसे आज के युवक व्यसनों के चक्रव्यूह में फ्सते जा रहे हैं। कितना फ्सते जा रहे हैं, यह परिवार, समाज और पुलिस अधिकारी जानते हैं। आज की युवा पीढ़ी स्वतंत्रता की आड़ में स्वच्छंदता की ओर बढ़ रही है, जो घातक है। इसलिए स्वतंत्रता के मायने तभी हैं जब स्वतंत्रता में मर्यादा, चरित्र और समर्पण का भाव हो। अगर स्वतंत्रता में मर्यादा, चरित्र और समर्पण ही नहीं है तो यह आजादी नहीं बल्कि एक प्रकार का छुट्टापन होता है।

### यह शरीर देश की संपत्ति

हमारे दादा गुरु आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज ने कहा था कि- यह शरीर देश की संपत्ति है। हमें अपने समय, पैसे का सदुपयोग के साथ शरीर का भी सदुपयोग करना चाहिए।

### व्यसन से मुक्त युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य

चिंताजनक है कि युवा पीढ़ी आज व्यसनों की ओर बढ़ती जा रही है। हमारे शास्त्रों में व्यसनों को नरक का द्वार माना गया है, इन व्यसनों से बचाव ही देश की प्रगति होगी। एक अध्ययन के अनुसार एकबार शराब पीने से 50 मिनिट की आयु कम होती है। अमेरिका के डॉ स्पेन्स ने लिखा है कि एकबार बीड़ी सिगरेट पीने से 18 मिनिट आयु कम होती है और एकबार गुटखा खाने से 6 घंटे आयु कम होती है। इसलिए व्यक्ति की मौत जल्दी हो जाती है और कई बहनें विधवा हो जाती हैं।

### शिक्षा का उद्देश्य जीवन निर्माण हो :

किसी भी देश की प्रगति में शिक्षा का भी बड़ा महत्व होता है, लेकिन विडम्बना है कि आज पढ़ाई का बोझ बढ़ता जा रहा है लेकिन वह पढ़ाई जीवन के काम नहीं आ पा रही है, नौकरियां पाना मात्र शिक्षा का उद्देश्य नहीं होता है। नैतिक शिक्षा का अभाव देखा जा सकता है। आज का युवा कल का नागरिक होता है, आज का युवा कल का राष्ट्र निर्माता है। इसलिए युवाओं को स्वतंत्रता के सही मूल्यांकन के लिए योजनाएं कार्यान्वित होनी चाहिए।

### संत, सैनिक और शहीद :

संत और सैनिक का सम्बंध बहुत निकट का होता है। सैनिक देश की सुरक्षा के लिए सदैव डियूटी पर तैनात रहता है तो संत भी देश के कल्याण की भावना भाता है, लोगों कोसत्पथ दिखाते हैं। संत, सैनिक और शहीद इन तीनों का एक ही कार्य होता है। सब प्राणिमात्र का कल्याण और सुख-शांति की भावना करते हैं। मैंने देखा है जहां संत और सत्ता एक साथ चलती है वहाँ आशातीत विकास होता है, उन्नति के नए मार्ग खुलते हैंस्वतंत्रता की वेदी पर शहीदों के गिरे हुए एक-एक बूंद की कीमत जाननी पड़ेगी, तब ही 15 अगस्त यानि स्वतंत्रता दिवस का मूल्यांकन हो सकता है।

सुखी रहें सब जीव जगत के कोई कभी न घबरावे।

बैर, पाप, अभिमान छोड़ जग नित्य नए मङ्गल गए।।

एक जिम्मेदार और शिक्षित नागरिक बनने के लिए हों संकल्पित :

आज हमें शपथ लेनी चाहिये कि हम कल के भारत के एक जिम्मेदार और शिक्षित नागरिक बनेंगे। हमें गंभीरता से अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिये और लक्ष्य प्राप्ति के लिये कड़ी मेहनत करनी चाहिये तथा सफ्लतापूर्वक इस लोकतांत्रित राष्ट्र को नेतृत्व प्रदान करना चाहिये स्वतंत्रता के मायने तभी हैं जब उसमें मर्यादा, चरित्र और समर्पण का भाव हो।

स्वतंत्रता के मायने तभी हैं जब उसमें मर्यादा, चरित्र और समर्पण का भाव होस्वतंत्रता दिवस प्रसन्नता और गौरव का दिवस है। इस दिन सभी भारतीय नागरिकों को मिलकर अपने लोकतंत्र की उपलब्धियों का उत्सव मनाना चाहिए और एक शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं प्रगतिशील भारत के निर्माण में स्वयं को समर्पित करने का संकल्प लेना चाहिए।

## बांग्लादेश में उथल-पुथल व हिंदू समाज

कुलदीप चंद अग्निहोत्री



इस पृष्ठभूमि में एक ही निष्कर्ष निकलता है कि नेहरु ने देश का विभाजन केवल जल्दी सत्ता प्राप्त करने के लालच में स्वीकार कर लिया। मुस्लिम लीग को कम से कम यह श्रेय तो दिया जा सकता है कि वह पाखंडी नहीं थी पाकिस्तान का गठन 1947 में हुआ था। इसके गठन की मांग करने वाली मुस्लिम लीग थी और उसने इसके गठन का आधार इस्लाम को स्वीकारा गया था। मुस्लिम लीग राजनीतिक दल थी/है और इसकी इस मांग को वैचारिक आधार पर भारत के एटीएम और देसी मूल के मुसलमानों में पहुंचाने और पुख्ता करने का काम जमायत-ए-इस्लामी कर रही थी/है। कांग्रेस मजहब के आधार पर देश के विभाजन का विरोध कर रही थी। यह उचित और तार्किक ही था। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस ने भारत विभाजन के पक्ष में प्रस्ताव पारित कर, पाकिस्तान के गठन का रास्ता साफ कर दिया। परंतु जिस सत्र में कांग्रेस ने भारत के विभाजन का प्रस्ताव पारित किया, उस सत्र में भी उसने मजहब के आधार पर विभाजन का विरोध किया। यह बीसवीं शताब्दी का सबसे बड़ा रहस्य है कि कांग्रेस विभाजन का तो समर्थन करती है और उसके पक्ष में है, लेकिन उसे विभाजन का आधार कारक 'मजहब' स्वीकार नहीं है। तब प्रश्न पैदा होता है कि कांग्रेस ने जब विभाजन को स्वीकार किया और वह वास्तव में हुआ भी, तो वह किस आधार पर हुआ। मुस्लिम लीग और जमायत-ए-इस्लामी का तो तब भी यही मानना था और आज भी यही मानना है कि विभाजन मजहब के आधार पर ही हुआ। लेकिन कांग्रेस ने यह विभाजन किस आधार पर किया? यहां यह प्रश्न हो सकता है कि विभाजन कांग्रेस ने नहीं किया, बल्कि ब्रिटेन ने किया। इसलिए इस प्रश्न को संशोधित किया जा सकता है कि जब कांग्रेस ने भारत के विभाजन के लिए प्रस्ताव पारित करके ब्रिटेन सरकार को दिया तो उसने विभाजन का आधार क्या रखा था? कांग्रेस से यह प्रश्न किसी ने आज तक नहीं पूछा, इसलिए उसने इसका उत्तर भी नहीं दिया। यदि कांग्रेस 14 जून 1947 को ही इस पर विचार करती और इसका उत्तर देती तो आज जो समस्याएं पैदा हो रही हैं, वे शायद न होतीं। इसका उत्तर डा. भीमराव रामजी अंबेडकर ने 1946 में ही दिया था, जब कांग्रेस को छोड़कर बाकी सबको स्पष्ट हो रहा था कि देश का विभाजन निश्चित है। तब अंबेडकर ने कहा था कि यकीनन यह विभाजन मजहब के आधार पर ही हो रहा है, जो इसको नहीं देख और समझ रहा, वह अंग्रेजी की कहावत के अनुसार 'फूल्ज पाराडाईज' में रह रहा है। लेकिन दुर्भाग्य इस बात का था कि जो 'फूल्ज पाराडाईज' में रह रहे थे, वही भारत के भाग्य का निर्णय कर रहे थे। अंबेडकर जब समझ गए कि विभाजन तो होगा और वह मजहब के आधार पर ही होगा तो उन्होंने इसके लिए शांतिपूर्ण तरीके से प्रक्रिया भी सुझाई थी। उनका कहना था कि भारत और नए बनने वाले देश पाकिस्तान में से हिंदू, सिख और मुसलमानों को स्थानांतरित कर दिया जाए। इसके लिए उन्होंने यूरोप के कुछ देशों के उदाहरण भी दिए कि किस प्रकार वहां जब मजहब के आधार पर विभाजन हुए तो मुसलमान और ईसाई मजहब के लोगों की शांतिपूर्ण ढंग से अदला-बदली की गई थी। पंडित जवाहर लाल नेहरु, अंबेडकर की यह बात सुनने के लिए भी तैयार नहीं थे। उन्हें अंबेडकर से वैसे ही चिढ़ थी क्योंकि अंबेडकर, नेहरु की बौद्धिक क्षमता पर सदा सवाल उठाते थे। दूसरे नेहरु यह स्वीकार करने को तैयार ही नहीं थे कि कांग्रेस मजहब के आधार पर देश का विभाजन स्वीकार कर रही है। लेकिन वह किस आधार पर देश का विभाजन स्वीकार कर रही है, इसका उत्तर देने को भी नेहरु तैयार नहीं थे। लेकिन इसका उत्तर भी अंबेडकर ने ही दिया है। उन्होंने यह उत्तर 1947 से कई साल पहले दिया था। अंबेडकर का यह आकलन कांग्रेस की विचारधारा, उसकी कार्यपद्धति के गहरे अध्ययन से ही निकला था। अंबेडकर का मत था कि कांग्रेस देश की आजादी के लिए नहीं लड़ रही, बल्कि देश की सत्ता प्राप्ति के लिए लड़ रही है नेहरु के चिंतन को देखने के बाद महात्मा गांधी की भी कुछ ऐसी ही राय बनी होगी। यही कारण था कि अंग्रेजों के चले जाने के बाद गांधी ने कहा था कि कांग्रेस को तुरंत भंग कर देना चाहिए। जो लोग अब देश की सत्ता हासिल करना चाहते हैं, उन्हें नए राजनीतिक दल बना कर लोगों के पास जाना चाहिए। कांग्रेस की विरासत पर किसी एक दल का दावा नहीं हो सकता। लेकिन नेहरु ने गांधी जी की इस राय को रद्दी की टोकरी में डाल दिया। इस पृष्ठभूमि में एक ही निष्कर्ष निकलता है कि नेहरु ने देश का विभाजन केवल जल्दी सत्ता प्राप्त करने के लालच में स्वीकार कर लिया। मुस्लिम लीग को कम से कम यह श्रेय तो दिया जा सकता है कि वह पाखंडी नहीं थी। लेकिन कांग्रेस का आचरण पाखंड से ज्यादा नहीं था। विभाजन मजहब के आधार पर हो रहा था, कांग्रेस विभाजन के समर्थन में भी उतर आई थी, लेकिन यह नहीं मान मान रही थी कि विभाजन मजहब के आधार पर हो रहा था। कांग्रेस के इसी पाखंड में से वे सभी समस्याएं उत्पन्न हुईं जिनका सामना 1947 से लेकर अभी तक करना पड़ रहा है। आठ सौ साल से अरब, तुर्क व मुगल हुक्मरान भारत को इस्लाम पंथ और शिया पंथ में मतांतरित करने के काम में लगे हुए थे। लेकिन बहुत थोड़ी जनसंख्या को ही मतांतरित कर सके। पूरे भारत को मतांतरित करना संभव नहीं था। इसके बाद रणनीति बदली गई।भारत के एक हिस्से की पूर्वी पाकिस्तान व पश्चिमी पाकिस्तान के नाम से घेराबंदी कर दी गई। पाकिस्तान को इस्लामी राष्ट्र घोषित कर दिया गया। पाकिस्तान को लगता था कि इस घेरे में फंसे हिंदू-सिखों को अब इस्लाम में मतांतरित करने में कोई बाधा नहीं आ सकती। लेकिन उनकी इस चाल को वहां के हिंदू-सिखों ने ही असफ्ल कर दिया। वे वहां की घेराबंदी में रहने की बजाय भाग कर भारत आने लगे। अधिकांश हिंदू-सिख पश्चिमी पंजाब से भाग आए लेकिन कुछ लोग विवशताओं के चलते वहां से नहीं आ सके। पश्चिमी पाकिस्तान ने उनकी घेराबंदी कर उन्हें मुसलमान बनाना शुरू कर दिया। अब वहां हिंदू-सिखों की संख्या गिनती की रह गई है। भारत का दूसरा हिस्सा जिसको भारत से अलग कर उसकी घेराबंदी की गई थी, वह पूर्वी बंगाल था। पूर्वी बंगाल और असम के सिलहट को मिला कर पूर्वी पाकिस्तान के नाम से एक अलग घेरा बनाया गया। उसको राजनीतिक लिहाज से पश्चिमी पाकिस्तान के साथ ही रखा गया, जबकि उसका पश्चिमी पाकिस्तान से कुछ संबंध नहीं था।इसलिए जल्दी ही वह पश्चिमी पाकिस्तान से अलग होकर बांग्लादेश के नाम से जाना जाने लगा। इस घेरे को भी इस्लामी देश घोषित कर यहां के हिंदुओं को इस्लाम में मतांतरित किया जाने लगा। कभी इस राजनीतिक घेरे में 22 फीसदी हिंदू-बौद्ध थे लेकिन आज उनकी संख्या सात-आठ प्रतिशत बची है। कुछ भाग कर भारत आ गए हैं या अभी भी आ रहे हैं। जब 1971 में पूर्वी पाकिस्तान पश्चिमी पाकिस्तान से अलग होकर बांग्लादेश के नाम से अलग हो गया, तो बहुत से विद्वान यह सोच कर प्रसन्न थे कि यह हिस्सा पाकिस्तान के घेरे से मुक्त हो गया है और यहां हिंदू-बौद्ध आराम से रह सकेंगे। लेकिन चार साल बाद 1975 में बांग्लादेश में उस समय के प्रधानमंत्री और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की पूरे परिवार सहित हत्या कर दी गई और देश को इस्लामी देश घोषित कर दिया। उनकी पुत्री शेख हसीना इसलिए बच गई थीं, क्योंकि उस समय वे देश में नहीं थीं। लेकिन 2024 में उनकी उसी बेटी को बांग्लादेश की सेना ने पैंतालीस मिनट के अंदर-अंदर देश छोडने के लिए आदेश दिया। वे भाग कर हिंदुस्तान पहुंची, लेकिन उनके पिता ऐसा नहीं कर सके थे।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रमणाचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज ने कहा- गुणानुराग के बिना भक्ति मात्र छल है

**भव-भव के पापों की क्षणभर में इम कर देती है भक्ति : आचार्य श्री विमर्शीरसागर जी महाराज**



**दिल्ली ( विश्व परिवार )।** श्री दिगम्बर जैन महावीर जिनालय में जिनधर्म की प्रभावना का संदेश-सिर्फ दिल्ली ही नहीं पूरे N.C.R में गूँज रहा है। परम पूज्यनीय जिनागम पंथ प्रवर्तक आदर्श महाकवि भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज विशाल चतुर्विध संघ इस समय कृष्णानगर दिल्ली में चातुर्मास चल रहा है। चतुर्थ कालीन श्रेष्ठ चर्या और अनुशासन के धनी पूज्य आचार्य प्रवर की वाणी में ऐसा अद्भुत ओज है कि जो एक बार सुन लेता है वह के लिये लालायित हो उठता है। उनके वात्सल्य मयी व्यक्तित्व की पुनः सुनने के लिये लालायित जो एक बार दर्शन करता है वो अका ही होके रह जाता है। ऐसे महान दिगम्बर जैनाचार्य के पावन सानिध्य में राजधानी में प्रथम बार श्री भक्तामर शुद्धोच्चारण शब्द तिथि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन चल रहा है। प्रतिदिन पूरे दिल्ली N.C.R. से सेकड़ों गुरुभक्त इस अद्भुत और अपूर्व- अवसर का लाभ उठा रहे हैं। श्री भक्तामर महिमा की विशेष व्याख्या करते हुये आचार्य श्री ने कहा कि भगवान की निश्छल भक्ति से भव-भव से बँधे हुये पापकर्म भी क्षणभर में क्षय की प्राप्त हो जति हैं। भगवान् के द्वार पर आकर, प्रभु की अपने सन्मुख पाकर अगर स्वयं के अंदर से स्वयं के दोषों की स्वीकृति का भाव अनि लग जाये, और परमात्मा का पूर्ण गुणमय स्वभाव हमारी श्रद्धा के दर्पण में झलकने लग जाये तो निश्चित मानना कि अब हमारे अंदर जो भक्ति जन्म ले रही है वो हमार जन्म-मरण के चक्रब्यूह की ध्वस्त कर देगी। भगवान का दर और भगवान् ती अनेकों बार मिला है परन्तु प्रभु को पाकर भी भाभी प्रभु के सच्चे स्वरूप भी अच्दा हमारे अंदर जागृत नहीं ही सन्नी, मोर न ही हम अपने दोषों को प्रभु के सन्मुख स्वीकार भर सके। गुणों का बोध हुये बिना गुणानुराग का भाव पैदा नहीं हो सकता। भोरे गुणानुराग के बिना भक्ति कभी सफल नहीं होती। सच्चा साधक राज भगवान के सन्मुख उनकी पूर्णता और अपनी अपूर्णता को निवेदित करता है। वो जानता है कि अभी मैं' साधमा कमथ का मात्र पथिक हैं, अपनी मंजिल पाने के अपने अंदर भी लिये मुझे भगवान भगवान के गुणमय स्वभाव भी स्वीकाते करना होनी। सच्चा योगी इस बात को अच्छी तरह से जानता हैं कि मेरे अंदर अभी सिर्फ मार्ग भी पवित्रता है और प्रभु आपके पास मार्गफल की पवित्रता है। सद्गुरु के पास आकर सद्गुण प्राप्ति का संकल्प और दुर्गुण व्यागने का संकल्प अवश्य करना चाहिए। **-विशु दीदी**

### जीवन में उन्नति व विकास के लिए विद्यालयी बच्चों को मिला जैन मुनि का निर्देशन



**मड़ावरा/ललितपुर ( विश्व परिवार )।** नगर के श्री महावीर विद्या विहार में आचार्य श्रेष्ठ 108 विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समयसागर महाराज के मंगल आर्शीर्वाद से दक्षिण सूर्य मुनि श्री अक्षयसागर महाराज का चातुर्मास धर्मप्रभावना पूर्वक चल रहा है। इसी क्रम में नगर में संचालित श्री वर्णी बाल विद्या मंदिर एवं आचार्य विद्यासागर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लगभग सात सौ बच्चों को प्रातः काल की बेला में पूज्य श्री ने जीवन उन्नति व भविष्य के मार्ग प्रशस्त विषय पर संबोधित किया। मुनिश्री ने आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के संदेश मातृभाषा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री का संदेश इंडिया नहीं भारत बोलों के संदेश को अपनाकर मातृभाषा को अपनायें। मातृभाषा ही हमें उन्नति के मार्ग पर ले जाती है।मुनिश्री ने कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही व्यसन मुक्त जीवन अपनायें एवं मोबाइल के दुष्प्रभाव से बचें। मुनिश्री के प्रवचन के उपरान्त चातुर्मास सीमित ने आगामी कार्यकम स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले शहीद गौरव सम्मान समारोह में सम्मिलित होने का आह्वान किया।इस आयोजन में लगभग 15 परिवारों को सम्मानित किया जायेगा। **-पुष्पेंद्र जैन**

**मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज ने कहा- मातृभाषा को अपनायें जीवन शैली में**

### बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के अध्ययनरत् संतानों से वित्तीय सहायता के तहत छात्रवृत्ति के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित

**रायपुर ( पीआईबी )।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन कार्यरत् श्रम कल्याण संगठन, रायपुर परिक्षेत्र द्वारा शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के तहत छत्तीसगढ़ के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइट, लौह, मैग्जीन, कोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत् संतानों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। इस वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत कक्षा एक से उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु एक हजार रूपए से लेकर अधिकतम 25 हजार रूपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक छात्र/छात्राएं नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल httpsÑ//scholarships.gov.inपर आनॅलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्री-मैट्रिकछात्रवृत्तिआवेदन की अंतिम तिथि31 अगस्त, 2024 और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति की अंतिम तिथि31 अक्टूबर, 2024 है। ऑनलाइन आवेदन संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए श्रम कल्याण संगठन, रायपु परिक्षेत्र कार्यालय के दूरभाष क्रमांक- 0771-2282409और मोबाइल क्रमांक- +91-7489824599 एवं ई-मेल आईडी-wcraipur.cg@nic.in या dwc_raipur@rediffmail.com पर किया जा सकता है।

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
ITR GST
इन्कम TAX फाईल M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस डिजिटल सिग्नेचर
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
9300755544, 8878655544

# गुरुआज्ञा में चलने से जीवन बनता है धन्य : गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी



**अयोध्या ( विश्व परिवार )।** आज से 69 साल पहले कुंथलगिरी पर्वत पर सन 1955 में आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी की अंतिम सल्लेखना शुरु थी। वह अन्तर में मग्न थे। सन् 1955 में आचार्यश्री कुंथलगिरि में कुलभूषण-देशभूषण जी की प्रतिमा के समक्ष 12 वर्ष की सल्लेखना ली थी। ज्ञानमती माताजी उस समय क्षुल्लिका अवस्था में वीरमती माताजी थी, वह आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी की सल्लेखना के समय वहाँ गई थी। भादों शुक्ल दूज को आचार्यश्री ने अपने शरीर का परित्याग करके उपपाद शैय्या पर जाकर वैक्रियिक शरीर धारण किया। आज लगभग 1600 साधु विहार कर रहे हैं, यह सब आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी का ही उपकार है।

भगवान आदिनाथ ने युग की आदि में जीवन जीने की कला सिखाया। आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज जो कि 20वीं शताब्दी के अंदर मुनि परम्परा को जीवन्त किया। उसी प्रकार गुरुआज्ञा का पालन करते हुये ज्ञानमती माताजी जो कि प्रथम बालब्रह्मचारिणी इन्होंने आर्यिका परम्परा को जीवन्त किया। प्रथमाचार्य शांतिसागर जी महाराज, वे इस युग के लिए वरदान थे।

पूज्य आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी ने मार्गप्रभावना भावना के बारे में बताया कि मार्ग यानि मोक्षमार्ग की प्रभावना। ज्ञान के द्वारा तप के द्वारा, जिनपूजा आदि के द्वारा धर्म की प्रभावना की जाती है, लोक में उसकी प्रसिद्धि होती है। आचार्यश्री शांतिसागर जी महाराज ने अपने जीवन में मार्गप्रभावना की है, दक्षिण से उत्तर तक विहार करके धर्मप्रभावना की है।

जिनागम के प्रति मेरूसम श्रद्धा- आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज कहते थे कि जिनागम के अनुसार विचार बनाना चाहिए। अपनी धारणा के अनुसार आगम को नहीं बदलना चाहिए। उनकी आगम की श्रद्धा मेरु की तरह अविचलित थी। सागर के समान वही अथाह थी। आगम के विरुद्ध वे एक भी बात न कहते थे, न करते थे। उनका कहना था कि शास्त्र जलधि है, जीव मछली है, उसमें जीव जितना घूमे और अवगाहना करे उतना ही थोड़ा है। उनके आदेश के अनुसार जब धवला, जयधवला, महाबंध (महाधवल) सिद्धान्त ग्रंथ ताम्रपत्र में उत्कीर्ण हो गये तब महाराज ने शास्त्र भण्डार के व्यवस्थापकों से कहा था-ये शास्त्र हमारे प्राण हैं। हमारे प्राण इस शरीर में नहीं हैं, जिनेन्द्र भगवान की वाणी ही हमारा प्राण है।

तीन बार सिंह-निष्क्रिडित नाम का तप करनेवाले आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज- आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी का मुनि जीवन 35 वर्ष का था जिसमे से आचार्य श्री ने 9338 निर्जल उपवास किये है जो की लगभग 27 वर्षो में होते है, और लगभग 3 बार सिंह-निष्क्रिडित नाम का तप किया- 1 आहार 1 उपवास, 1 आहार 2 उपवास, 1 आहार 3 उपवास और ये क्रम 9 उपवास तक चलता फिर 1 आहार 9 उपवास, 1 आहार 8 उपवास ऐसे पूरा क्रम होता है, आचार्य विद्यासागर जी जब विद्याधर थे तब उन्होंने वो आहार देखा था, आचार्य विद्यासागर जी बताते है की लगता नहीं था की शान्तिसागर जी इतने उपवास के बाद आहार कर रहे है।

अद्भुत स्वाध्याय प्रवृत्ति- आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी प्रतिदिन कम से कम 40 या 50 पृष्ठों का स्वाध्याय करते थे। धवलादि सिद्धान्त ग्रंथों का बहुत सुन्दर अभ्यास महाराज ने किया था। अपनी असाधारण स्मृति तथा तर्कणा के बल पर वे अनेक शंकाओं को उत्पन्न करके उनका सुन्दर समाधान करते थे। कतिपय गंभीर उपसर्ग ('जिन पर आचार्य महाराज ने सरलता से प्राप्त की विजय')- आचार्यश्री के अलौकिक आत्मध्यान निमग्नता की अनेकों अनमोल घटनाएँ हैं। कोगनोली में महाराज एक निर्जन स्थान में बनी हुई गुफा में रात्रि के समय ध्यान में लीन थे। नगर का एक पागल महाराज के पास गुफा में गया। उसने महाराज के पास रोटी मांगी-ऐ बाबा, रोटी दो। भूख लगी है। बाबा के पास क्या था, वे तो मौन ध्यान कर रहे थे। बाबा को शांत देख पागल का दिमाग उत्तेचित हो गया। उसके हाथ में एक लकड़ी थी जिसके अग्रभाग में नोकदार लोहे का कीला लगा था, उससे बैलों को मारने का काम लिया जाता था। पागल इस लकड़ी से महाराज के शरीर को मारने लगा। लोहे की नोक पीठ, छाती आदि में चुभ गयी। सारा शरीर रक्त से सन गया। बहुत देर तक उपद्रव करने के बाद पागल वहाँ से चला गया। सबेरा होने पर लोगों ने देखा तो बहुत दुःखी हुए। भक्तों ने उनकी वैयावृत्ति की किन्तु महाराज चुपचाप थे। एक समय गुफा में ध्यान में लीन थे तब महाराज की पुरुष इन्द्रिय पर एक मकोड़ा चिपट गया। वह मांस खाता था और रक्त की धारा बहती थी किन्तु महाराज का ध्यान स्थिर था। ध्यान हटने पर संघस्थ ब्र. बन्दू ने उस मकोड़े को अलग किया।

एक अवसर पर गुफा में रखे दीपक का कुछ तेल दैवयोग से बिखर गया और असंख्य चीटियाँ वहाँ आ गईं। महाराज के शरीर पर भी चीढ़ियाँ चढ़ गईं और काटती रहीं। प्रात्काल लोगों ने आकर यह उपसर्ग दूर किया। महाराज का यह नियम था कि प्रत्येक अष्टमी व चतुर्दशी को उपवास का नियम लेकर मौन रहकर वे आत्मा का ध्यान किया करते थे। वहाँ गिरि-कन्दराओं में अनेक बार व्याघ्र आदि हिंसक जन्तु उनके पास आ जाया करते थे और कुछ समय पश्चात् उपद्रव किये बगैर चले जाते थे।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया भगवान पारसनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक महा महोत्सव

**मोक्ष सप्तमी पर हुए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान**



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि सहित तालबेहट के दोनों जैन मंदिरों में जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक महा महोत्सव निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया गया। सुबह से ही भारी संख्या में धर्माबिलंबियों ने मंदिर पहुंचकर अभिषेक शांतिधारा पूजन विधान में प्रतिभाग कर पुण्यार्जन किया एवं भक्ति भाव के साथ निर्वाण लाडू समर्पित किया।

दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में मुख्य कार्यक्रम दोपहर की बेला में संपन्न हुए। पं. विनोद जैन शास्त्री बबीना के नेतृत्व में वार्षिक कलशाभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें ध्वजारोहण, भगवान पारसनाथ स्वामी का मस्तिकाभिषेक, शांतिधारा, महाआरती एवं निर्वाण लाडू चढ़ाकर मोक्ष कल्याणक मनाया। जिसमें क्षेत्र प्रबंध समिति एवं निकटवर्ती सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। सिद्ध क्षेत्र पावागिरि प्रबंध कार्यकारिणी के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण संपन्न।

बुंदेलखंड के प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र पावागिरि की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव 27 जुलाई को निर्विघ्न संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी एडवोकेट नीरज मोदी की अध्यक्षता में मुख्य आतिथि पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने ज्ञानचंद्र जैन पुरा अध्यक्ष, जयकुमार जैन कन्धारी मंत्री, उत्तम चंद्र भाड़रा कोषाध्यक्ष, अमन जैन व विशाल जैन पवा उपाध्यक्ष, विकास भंडारी संयुक्त मंत्री, आकाश चौधरी उपमंत्री, विनोद वैरागी प्रचार मंत्री एवं ऑडिटर पंकज भंडारी व अजय जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य मोदी देवेंद्र जैन बसार, प्रीतेश जैन पवैया, कमलेश जैन सिर्सी, अनिल जैन चौधरी, अभिषेक मिठ्या, आदेश जैन गेवरा, निर्मल कुमार, सोनल जैन, अमित कुमार, अरविन्द जैन को पद की गरिमा एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी एवं सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।

पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा जहाँ विज्ञान समाप्त होता है वहाँ आध्यात्म शुरू होता है, सभी खोजें जैन दर्शन से ही शुरू होती हैं। सभी पदाधिकारी तन्मयता से क्षेत्र के विकास के साथ शिक्षा के क्षेत्र में प्रयास कर जैन दर्शन को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सह चुनाव अधिकारी अरविन्द जैन जमादार ने कहा किसी कार्य को सफल बनाने के लिये समिति में तालमेल बहुत जरुरी है जिसे हमेशा बनाये रखें। चुनाव अधिकारी नीरज मोदी एडवोकेट ने क्षेत्र के बहुमुखी विकास पर प्रकाश डालते हुए समिति के सराहनीय कार्यों को प्रशंसनीय बताया। इस मौक़े पर विशिष्ट अतिथि सह चुनाव अधिकारी अरविन्द जैन जमादार, महेंद्र जैन चूना, विनोद जैन ठेकेदार, चुनाव सहयोगी सुनील जैन आबू, पं. नितिन जैन, मनीष जैन मंगू, नीलेश सिंघई, अनिल जैन, स्वतंत्र इमलिया, जितेंद्र जैन चिल्लू, नीलेश खरे, अंकित बजाज गौरव, अजय जैन सर्वोदय आदि को सम्मानित किया गया। **-विशाल जैन**

## बातें भले ही आप संस्कारों की करो लेकिन संस्कार घर से ही बिगड़ते हैं : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** बातें भले ही आप संस्कारों की करो लेकिन संस्कार घर से ही बिगड़ते है, संस्कार संस्कार कहने से संस्कार नहीं आते, अपने चरित्र में संस्कार घटना चाहिये, बुनियाद यदि मजबूत है तो बड़े बड़े भूकंप भी उसे नहीं हिला पाते, बुनियाद ही यदि कच्ची है, तो जरा से झोका से बड़े भवन भी ढह जाते है उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने प्रातःकालीन प्रवचन सभा में व्यक्त किये उन्होंने कहा कि नैतिकता और प्रमाणिकता के प्रवाह को आगे बड़ाऐंगे तो आपका धर्म और संस्कृति दोनों आगे बढ़ेगी उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि लेनदार को आते देख पिता ने बेटे से कहा बोल दो पापा घर में नहीं है, बेटा ने निश्चलता से कहा पापा है तो घर पर लेकिन उन्होंने कहा है कि पापा घर में नहीं है अपनी बात बिगड़ते देख उन्होंने बेटे को डांटा मुनि श्री ने कहा कि बच्चे जैसा देखते है वही से तो उनके संस्कार बनते है इस अवसर पर पाठशाला प्रणेता मुनि श्री निर्वेगसागर महाराज ने कहा कि जानना अलग बात है, लेकिन उसे जीवन में उतरना उतना ही कठिन है बच्चों को ऐसी शिक्षा दो कि उनका जीवन सुखी बने आप अपने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार दो यदि आने बाली पीड़ी संस्कारित होगी तो आपका भविष्य भी उज्जवल होगा उन्होंने आदिकुमार के बैराग्य की घटना सुनाते हुये कहा कि घटना तो सभी के सामने घटती है लेकिन बैराग्य किसी किसी के जीवन में आता है नीलांजना का नृत्य चल रहा है और उसका जीवन समाप्त हो गया यह बात कोई दूसरा नहीं समझ पाया लेकिन आदिकुमार समझ गये और उनको तत्काल वैराग्य हो गया।। मुनि श्री ने कहा कि राग में ज्यादा दुःख होता है और द्वैष बाले से कम दुःख होता है उन्होंने कहा गुरु हमें कितना भी समझा दें लेकिन जब तक हम खुद समझने का प्रयास नहीं करेंगे तब तक हम नहीं सुधर सकते राग के कारण ही हम बच्चों की बुराइयों पर परदा डालते है, लेकिन जैसे जैसे बच्चा बड़ा होता है उसके अंदर के संस्कार बाहर आते है। बच्चा जब माता पिता से दूर बाहर पड़ता है तो वह कितना भी संस्कार वान हो विपरीत परिस्थितियों में वह उसी अनुसार ढल जाता है, आजकल आत्महत्या की जो घटना होती है उसका कारण बच्चों का ईगो है वह काम्पटेटिव एग्जाम में जब क्लियर नहीं हो पाता है, तो वह मानसिक प्रेसर में आ जाता है उसके मनमस्तिष्क में तो आई. ए. एस आई पी एस सी.ऐ बनने की धारणा बन चुकी है और जब वह असफलता देखता है तो मानसिक अवसाद में घिर जाता है इसलिये बच्चों पर पड़ाई का प्रेसर मत दो, बच्चों को सम्हालना बड़ा मुश्किल होता है, सभी बच्चे इंटेलीजेंट नही होते आप अपने अहंकार की पुष्टी के लिये बच्चों का बचपन कुर्वान मत कीजिये। **-अविनाश जैन**

## बुरे विचारों को रोकने और शब्दों को बदलने से मानव जीवन सार्थक होगा : मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज




**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज ने कहा अरिहंत परमेष्ठी की स्तुति में देवताओं और ऋषि मुनियों ने भी स्वयं को अक्षम पाया है, जिनेन्द्र भगवान की प्रशंसा करने या सम्मुख उपस्थित होने के लिए कभी अनुकूलता का इंतजार नहीं करना चाहिए।चातुर्मास की पावन बेला में अभिनन्दनोदय तीर्थ क्षेत्र पर निरंतर धर्म प्रभावना हो रही है। सुबह नित्य मय अभिषेक, विश्व शांति की मंगल भावना के साथ मुनि श्री के मुखारविन्द से मंत्रोच्चार के मध्य शांतिधारा पूजन विधान किया गया। धर्म सभा के शुभारम्भ में सिद्ध क्षेत्र पावागिरि प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा के साथ धर्मश्रेष्ठियों ने आचार्य श्री का चित्र अनावरण कर दीप प्रज्वलित किया, महिला मण्डल ने मुनि श्री एवं क्षुल्लक जी को शास्त्र भेंट किया। मंगलाचरण के उपरांत धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि अविचल सागर महाराज ने कहा करोड़ों जन्मों के पापों को विनाश करने का अवसर कभी गंवाना नहीं चाहिए। भगवान की स्तुति या दर्शन से पाप नहीं कटते, पाप कटते हैं शब्दों से, हमें शब्दों को बदलना है। जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा को दर्शन के उपरांत जो मनोभाव में शब्द उत्पन्न होते हैं उनसे ही पाप-पुण्य बंध होगा। देखने से कभी पाप नहीं होता, पाप-पुण्य होता देखकर मानस पटल पर उठने वाले शब्दों से। शब्द ही हैं जो आठ कर्म काट सकते हैं, अक्षरों से कुछ पवित्र शब्दों का निर्माण करो। बुरे विचारों को रोकने और उन्हें बदलने से जीवन में उमंग उत्साह शांति आयेगी। मलीन शब्दों को अपने मन मस्तिष्क में लेकर कर्मों को बाँधने से बचें। मुनि श्री ने कहा शब्द बदलने की साधना कीजिये, मटमेले धागों पर सोने के तार को मढ़ना है। मंगलकारी शब्द और श्रेष्ठ विचार ही मानव जीवन को सफल बनाते हैं। बेहतर सोच को प्रेरित करो, संसार बढ़ाने वाले शब्दों को रोकने का प्रयास करो। भगवान राम ने कभी किसी को मारने का भाव नहीं किया, वह मन में कभी ऐसे शब्दों को नहीं लाये जो उन्हें रावण के साथ हुए युद्ध में करना पड़ा, इसीलिए उन्होंने अपना कल्याण कर लिया। कभी कोई शक्ति किसी का कल्याण नहीं कर सकती, उसके लिये स्वयं प्रयास करना होगा। स्वर-व्यंजन को जोड़कर पावन शब्दों को तैयार करो, विचार करो की प्रतिदिन हमनें कितने मलीन और कितने पवित्र शब्दों का स्मरण किया है जिससे तय होगा की कितना पाप-पुण्य बंध हुआ है। जाति धर्म परम्परा से ऊपर उठकर हमेशा अपने बुरे शब्दों को रोककर अच्छे विचारों को मन में लाने का प्रयास करो। दशलक्षण धर्म का पालन कहने से नहीं उनके चिंतन करने से होगा। अंत में 19 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर विधान आयोजन की घोषणा की गयी। **-विशाल जैन**

# स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को देखते हुए लाल किले पर चल रही है तैयारी





**दिल्ली ( विश्व परिवार )।** स्वतंत्रता दिवस नजदीक है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर खास तैयारियां जोरों पर चल रही हैं. इस बार पीएम मोदी लगातार 11वीं बार राजधानी दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे. पुलिस ने बताया कि एडवांस सीसीटीवी से मानवीय गलतियां कम होंगी। साथ ही किसी भी संदिग्ध परिस्थिति का तुरंत पता लगाया जा सकेगा।

लाल किला और उसके आसपास के क्षेत्र में दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों सहित 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। हाल ही में केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और सभी सुरक्षा एजेंसियों ने लाल किला परिसर का दौरा किया था और स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए सुरक्षा समीक्षा बैठक की।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर दिल्ली समेत लाल किले की किलाबंदी लगभग पूरी हो चुकी है। लाल किले के ठीक सामने सुरक्षा के लिहाज से जो कंटेनर लगाए जाते थे, इस बार वहां अलग-अलग रंगों के लंबे-लंबे झंडे लहरा रहे हैं।

**सुरक्षा में तैनात किए गए 'लंगूर मैन' :** वहीं, सुरक्षा बंदोबस्त पहले से कड़ी कर दी गई है। खुफिया एजेंसियों ने ड्रोन हमले से लेकर आत्मघाती अटैक के खतरे को लेकर अलर्ट किया है। सुरक्षा तैयारियों में लगे अफसर का कहना है, बीते दिनों अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को ध्यान रखते हुए 7 लेयर का सुरक्षा घेरा बनाया गया है। स्नाइपर, AI आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से अपडेटेड फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (FRS), सीसीटीवी कैमरे चारों तरफ फिट किए हैं। सूत्रों ने बताया कि इस बार लाल किले पर 'लंगूर मैन' भी तैनात किए गए हैं। ये 'लंगूर मैन' 15 अगस्त के भव्य समारोह के दौरान बंदरों को रोकने के लिए हैं। पिछले साल फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान डमी प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान एक बंदर के आ जाने को सुरक्षा में चूक के तौर पर देखा गया था। सूत्रों ने बताया कि ये लोग लंगूर की आवाज निकालने में माहिर हैं। इनकी आवाज से बंदर भाग जाते हैं।

लाल किले की निगहबानी में 300 हाई रिज़ॉल्यूशन कैमरे फिट किए गए हैं। इनमें सबसे खास फेशियल रिकग्निशन सिस्टम है। कोई भी संदिग्ध आए तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को मिल जाएगी। दिल्ली पुलिस के अलावा एनएसजी, एसपीजी, आईटीबीपी, सीआईएसएफ ओर अन्य फोर्स तालमेल के साथ सुरक्षा में तैनात हैं। यहां पर SWAT और पराक्रम वैन कमांडो लगाए गए हैं। सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी लाल किले के अंदर और बाहर तैनात हैं। **-कमल नयन नारंग**

## संक्षिप्त समाचार

### सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़

**बस्तर(विश्व परिवार)।** दंतेवाड़ा के थाना गीदम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इकेली,नेलगोड़ा तुमनार के आसपास जंगल पहाड़ियों में 10-15 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना थी। उक्त आसूचना के आधार पर आज ज़िला दंतेवाड़ा के डीआरजी बस्तर फाइटर्स द्वारा क्षेत्र में नक्सल गश्त सर्च अभियान चलाया गया। उफनती हुई इन्द्रावती की तेज़धार को अपनी जान की परवाह न करते हुए जवानों ने नदी पार करके इस अभियान को अंजाम दिया। अभियान के दौरान डीआरजी बस्तर फ़ाईटर्स दंतेवाड़ा की टीम पर माओवादियों द्वारा नुक़सान पहुँचाने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। सुरक्षाबलों द्वारा मोर्चा सम्भाल कर जवाबी कार्यवाही की गई। फ़ायरिंग रुकने पश्चात घटनास्थल की सर्चिंग करने पर एक पुरुष माओवादी का शव हथियार और नक्सल सामग्री सहित बरामद हुआ है। मुठभेड़ उपरांत बरामद माओवादी शव ( जो संभवत: प्लाटून 16 का सदस्य था )की शिनाख्तगी कार्यवाही की जा रही है। इस मुठभेड़ में और भी नक्सलियो के घायल होने की प्रबल संभावना है । समस्त सुरक्षाबल की टीम सुरक्षित है। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जायेगी।

### साइबर फ्रॉड के दो आरोपी कोलकाता से गिरफ्तार

**कांकेर(विश्व परिवार)।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर डा.प्रशांत शुक्ला, अनुविभागिय पुलिस अधिकारी पखांजूर श्री रवि कुजूर ,थाना प्रभारी बांदे श्री जितेंद्र साहू के निर्देशन में थाना बांदे के अपराध क्रमांक 02/24 ,धारा 420,467,468 भादवि में सुभाष राम पिता राम लखन उम्र, 37 निवासी जंगल पारा मगरा थाना मगरा जिला हुगली पश्चिम बंगाल सैयद सादाब अली उर्फकरीम पिता स्व सैयद मुख्तार अली उम्र 30 ॥ 99 राम नगर लेन थाना गर्डेनरीच कोलकाता कोलकाता से फर्जी अकाउंट खुलवाने, एटीएम रखने और विड्रोल करने के अपराध में शामिल पाए जाने पर थाना बांदे की टीम ने दोनो आरोपियों को कोलकाता से गिरफ्तार कर ट्रांसिट रिमांड पर लाया गया। आज दिनांक 11.8.24 को दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया । इन आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना बांदे के एएसआई देवनारायण बंजारे ,प्रधान आरक्षक तुलाराम तारम,आरक्षक ओमनारायण सिन्हा,राजेंद्र माहेश्वरी और महिला आरक्षक संतोषी की अहम भूमिका रही है।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल जामकोटपारा कोंडागांव में तिरंगा रैली निकाली

**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामकोटपारा कोंडागांव में शनिवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों द्वारा सभी बच्चों को तिरंगा वितरित किया गया। बच्चों ने तिरंगा रैली के माध्यम से लोगों में देश भक्ति का भाव जगाने और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और गौरव का संदेश देने का कार्य बखूबी निभाया। कार्यक्रम की शुरूआत बैंड की धुन पर राष्ट्रगान से हुई, तत्पश्चात् शाला के नव निर्वाचित हेड ब्वाय हिमांश उसेंडी,हेड गर्ल इसिका मजूमदार और स्कूल सेक्रेटरी जीवितेश मेश्राम, एवम प्रतीक्षा प्रधान को शेशे पहनाकर डीईओ आदित्य चांडक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक ने उपस्थित सभी लोगों और बच्चों से अपने घरों में तिरंगा फहराने और सोश्ल मीडिया एकांउट की डी पी में अपने फोटो के साथ तिरंगे की फोटो लगाने की अपील की। तिरंगा रैली की शुरूआत पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों द्वारा सभी बच्चों को तिरंगा वितरित कर किया गया। इस अवसर पूर्व सैनिक सेवा परिषद के बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने और तिरंगे से लोगों को जोड़ने के इस महाअभियान में हर भारतवासी को अपना योगदान देना चाहिए। शाला के प्राचार्य शिवलाल शर्मा ने कहा कि इस पहल का मकसद हर भारतीय को तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करके नागरिकों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करना है। उन्होंने इस अवसर पर स्कूल के हर शिक्षक और बच्चों से अपने घरों में तिरंगा फहराने और झंडे के साथ सेल्फी क्लिक करके उसे ींतहींतजपतंदहंण्बवउ में अपलोड करने का आग्रह भी किया। गौरतलब है कि आजादी के महापर्व को विशेष बनाने के लिए भारत सरकार ने 09 अगस्त से देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाने का एलान किया है जो 15 अगस्त तक चलेगा। आजादी के अमृत महोत्सव के साथ ही 2022 में शुरू किए गए इस अभियान में 2022 में कुल 6 करोड़ लोगों ने तिरंगे के साथ अपनी फोटो मंत्रालय से साझा की थी। जबकि 2023 में दस करोड़ लोगों ने अपनी फोटो तिरंगे के साथ भेजी थी। उम्मीद की जा रही है कि इस वर्ष ये संख्या और अधिक बढ़ेगी। इस अवसर पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सूरज यादव , उमेश साहू, सोमेश्वर भारती,रिकेश कुंवर, डी एम सी महेंद्र पांडे, वेणु गोपाल राव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रूबी भट्टाचार्य ने किया।

# 15 दिवस के भीतर कार्य पूर्ण करें, अन्यथा होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली राईस मिलर्स की बैठक दिए दिशा निर्देश




**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने रविवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में जिले के सभी राईस मिलर्स की बैठक लेकर कस्टम मिलिंग एवं धान उठाव की समीक्षा बैठक ली । कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय पर कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों या कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। इसका मतलब है कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने कर्तव्यों का समय पर पालन नहीं करता है या कार्यों में देरी करता है, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कार्यों मे लापरवाही बरतने वालों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए 7 इस निर्देश का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाना और सुनिश्चित करना है कि कस्टम मिलिंग एवं धान उठाव की प्रक्रियाओं का पालन समय पर और सही तरीके से किया जाए। यह भी सुनिश्चित करता है कि कस्टम मिलिंग, और धान उठाव कार्य बिना किसी बाधा के संचालित हों, ताकि किसानों और आम जनता को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने अधिकारियों/कर्मचारियों और राईस मिलर्स को 15 दिवस के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये है। इसका मतलब है कि उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूरी तरह से और बिना किसी कमी के पूरा करना होगा। इसके साथ ही कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि 15 दिनों के भीतर ये कार्य पूरे नहीं होते हैं, तो संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। इससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी और दक्षता सुनिश्चित होगी, और यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि धान उठाव, कस्टम मिलिंग के कार्य समय पर और प्रभावी ढंग से पूरे हों। बता दें कि जिले में कुल 125 राईस मिलर्स पंजीकृत हैं, जिनके माध्यम से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का कस्टम मिलिंग कार्य कराया जा रहा है । वर्तमान में जिले के सभी राईस मिलर्स को भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने अनुबंध किया गया है तथा उनके द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य किया जा रहा है। मिलर्स द्वारा चावल जमा कार्य में हमालों की कमी की समस्या से अवगत कराया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में खरीदी केंद्रों से धान उठाव की समीक्षा बैठक में बताया गया की जिले में अब तक 934687 मिट्रिक टन धान उपार्जन किया गया है 7 कस्टम मिलिंग अंतर्गत चावल उपार्जन की समीक्षा में पाया गया की जिले में फोर्टिफाईड एफ.सी.आई. अरवा अंतर्गत 206086.5 मे.टन लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमे धान उठाव का अनुपातिक चावल 205766 मे.टन, चावल जमा 65408.99 मे.टन, चावल जमा हेतु शेष 140357 मे.टन है 7 इसके पश्चात् फोर्टिफाइड एफसी आई उसना का जिले में 51712.2 मे.टन लक्ष्य निर्धारित की गई थी जिसमे धान उठाव का अनुपातिक चावल 50967 मे.टन, चावल जमा 25923.13 मे.टन, चावल जमा हेतु शेष 24044 मे.टन हुई है ।

# कलेक्टर कुणाल ने विकासनगर स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह के तैयारियों का लिया जायजा



**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय कोंडागांव के विकास नगर स्टेडियम में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गरिमापूर्ण आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। आगामी 13 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की अंतिम तैयारी का जायजा लिया जाएगा। कलेक्टर श्री दुदावत ने स्टेडियम के आस-पास साफ-सफाई और रंग-रोगन अच्छी तरह से करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों के लिए बैठक व्यवस्था व निमंत्रण पत्र, विद्युत व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, गाड़ी पार्किंग, प्रवेश द्वार, परेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने शहीदों के परिजनों के सम्मान, देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित करने हेतु आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिए।

# गौ-अभयारण्य में सभी तैयारियों को समय पर पूरा करें : कलेक्टर रणबीर शर्मा

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने रविवार को जिले के झालम स्थित गौ-अभयारण्य में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का उद्देश्य कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था। बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित ज़िला और पुलिस प्रशासन के साथ पीडब्ल्यूडी, पीएचई, पशु चिकित्सा,सेवाये, हार्टिकल्चर, कृषि, पीएमजेएसवाई और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौ-अभयारण्य में सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और स्वच्छता सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने गौ-अभयारण्य की साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था, और दर्शकों के बैठने की उचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारी पैदल बरसाती नाला पार कर गौ-अभयारण्य पहुँचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तात्कालिक तौर पर आने-जाने के लिए अस्थायी पुलिया बनाने के निर्देश दिये। ताकि कार्यक्रम के समय आमजन को आने-जाने में किसी प्रकार की दिक्क़त ना हो। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे सभी आपसी समन्वय बनाए रखें ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। इस अवसर पर कलेक्टर ने गौ-अभयारण्य का दौरा भी किया और तैयारियों का जायजा लिया।

# भृत्य दादू लाल पटेल 29 वर्ष की सेवा पूरा होने पर बच्चों को खिलाया न्यौता भोजन

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** राज्य शासन के निर्देश अनुसार मध्यान्ह भोजन के साथ अतिरिक्त पूरक पोषक आहार के रूप में न्यौता भोजन खिलाये जाने का प्रावधान किया गया है, जिसमें कोई भी आमजन अपने जन्मदिन, वर्षगाँठ जैसे अवसरों पर स्कूलों में पूरक पोषक आहार न्यौता भोज स्कूल के बच्चों को खिला सकते है। उन्हें यह भोजन स्कूल में ही मध्यान्ह भोजन के साथ खिलाना होता है। इसी कड़ी में रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखंड के वनांचल ग्राम लमडांड संकुल केंद्र लमडांड माध्यमिक शाला लमडांड में पदस्थ भृत्य दादू लाल पटेल, माध्यमिक शाला लमडांड के प्रथम सेवा नियुक्ति तिथि के 29 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 10 अगस्त को ग्राम लमडांड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला आदिवासी पारा, प्राथमिक शाला लमडांड, आंगनबाड़ी एवं माध्यमिक शाला लमडांड में अध्यनरत लगभग 105 बच्चों, स्वीपर, रसोईया एवं पदस्थ सभी शिक्षकों को छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना न्योता भोज के रूप में सभी को भरपेट खोवा से बना जलेबी व मिक्सर खिलाया गया। दादू लाल पटेल द्वारा प्रतिवर्ष 22 जनवरी को अपने जन्म दिवस शाला परिवार के साथ पिछले 10 वर्ष से शाला परिवार के साथ मनाया जा रहा है। दादुलाल पटेल अपना जन्म दिवस प्रतिवर्ष बच्चों के साथ धूमधाम से मनाते हैं। ये सभी बच्चों से बहुत स्नेह करते हैं व कर्तव्य के प्रति सचेत रहते हैं। माध्यमिक शाला लमडांड के प्रधान पाठक दयाराम बेहरा द्वारा शुभकामना ज्ञापित किया गया तथा शाला के सभी शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा सम्मान कर उनके द्वारा दिये गये न्यौता भोज के लिये पूरे शाला परिवार की ओर से धन्यवाद दिया।

# बांध में आई दरार, बोरिया-बिस्तरा समेटकर भाग रहे ग्रामीण...

**कांकेर(विश्व परिवार)।** परलकोट क्षेत्र के पीव्ही. 133 में स्थित जलाशय के बांध में दरार पड़ चुकी हैं और जलाशय से बड़ी तेजी से पानी निकल रहा हैं। जिससे अब बांध के टूटने का खतरा मंडरा रहा हैं। इस जलाशय में 3 साल पहले से दरार पड़ चुकी थी, जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा लगातार सिंचाई विभाग सहित प्रशासन को दी जा रही थी। ग्रामीणों ने जनदर्शन में भी इस खतरे को लेकर आवेदन दिया था। लेकिन हर बार रिपेयरिंग के नाम पर विभाग द्वारा बस लीपापोती ही कर दी है। जिसका खामियाजा अब ग्रामीणों को उठाना पड़ सकता हैं। प्रशासन और विभाग की लापरवाही के चलते तीन गांवों में बसे लोगों की जिंदगी खतरे में आ गई है। लोग अपना जरुरी सामान, अनाज और परिवार को लेकर सुरक्षित स्थान की ओर भाग रहे हैं। बांध में दरार आ जाने की वजह से पानी तेजी से निकल रहा है। ऐसे में लोग पलायन करने को मजबूर हैं। दरसअल, पिछले कई दिनों से क्षेत्र में लगातार हो रहे बारिश के चलते जलाशय का जलस्तर बड़ गया है और बांध ढह गया। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी जानकारी लगी तो ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया और ग्रामीण बड़ी संख्या में बांध पर पहुंचने लगे। जिसके बाद लोग अपने घरों में रखें अनाज और ज़रुरी सामानो को ट्रैक्टर में भरकर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे हैं। विभाग को जानकारी लगते ही सिंचाई विभाग के एसडीओ और इंजीनियर मौके पर पहुंचे। फिलहाल ग्रामीण और विभाग द्वारा दरार को भरने की कोशिश की जा रही है। दरार का आकार धीरे-धीरे बढ़ रहा है ऐसे में यदि जल्द से जल्द दरार को नहीं भरा गया तो बांध कभी भी टूट सकता है।

# उल्लासमय होगा छत्तीसगढ़, असाक्षरों के जीवन से मिटेगा अंधियारा



**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** उल्लास कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए स्त्रोत व्यक्तियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कोंडागांव जिले से राहुल कुमार शर्मा, शीतल गौतम स्त्रोत व्यक्ति के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो जिले में कलेक्टर कुणाल दुदावत महोदय के नेतृत्व में जिला परियोजना अधिकारी वेणुगोपाल राव के मार्गदर्शन में साक्षरता के लिए कार्य करेंगे। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वन हेतु दो दिवसीय स्त्रोत व्यक्तियों के प्रशिक्षण में एससीईआरटी व राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के डायरेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा ने कहा कि वयस्कों को पढ़ाते समय आने वाली चुनौतियों को समझने की आवश्यकता है। शिक्षार्थी अपने रोजमर्रा की चीजों से परेशान रहते हैं तथा स्वयंसेवी भी बेरोजगारी जैसी बातों से परेशान होते हैं अत: दोनों को प्रोत्साहन की अत्यंत आवश्यकता होती है। श्री कटारा ने कहा कि अपने आस-पास पड़ोस के असाक्षरों को पढ़ाना चाहिए तथा हर व्यक्ति को स्वयंसेवी शिक्षक होना भी चाहिए। स्वयं सेवी शिक्षकों को सम्मानित करना चाहिए तथा उनके अच्छे कार्यों को चिन्हांकन करना चाहिए। स्वयंसेवी शिक्षक अपने घर व परिवार से शुरुआत करें, पहले परिवार फिर मोहल्ला तथा गांव इन छोटी इकाइयों से सफलता आना शुरू होता है। अतिरिक्त संचालक जे. पी. रथ ने कहा कि विद्यार्थी जब शाला आते हैं तो उनके बहुत सारे सपने होते हैं लेकिन वयस्कों को पढ़ाना बहुत ही मुश्किल होता है इनकी शिक्षण पद्धति बहुत अलग होती हैं तथा उनकी मनोदशा तथा मनोवृति भी अलग होती है। ये सम्मान के हकदार होते हैं तथा पढ़ाते समय उनके आत्म सम्मान को ठेस नहीं पहुंचना चाहिए। वे अनुभवी होते हैं ,बहुत सारी बुनियादी बातें पहले से ही जानते हैं हमें उन्हें केवल अक्षरों से जोड़ना है। कार्यशाला में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के असिस्टेंट डायरेक्टर व उल्लास के नोडल अधिकारी प्रशांत पांडेय ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के लक्ष्य व उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक बताया, राज्य साक्षरता केंद्र के प्रभारी डेकेश्वर वर्मा व महासमुंद एवं रायपुर के डीपीओ तथा जिला स्तर के साक्षरता मिशन के अधिकारी उपस्थित हुए। प्रथम दिवस की कार्यशाला में स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रेरित कैसे करें ?,स्वयं सेवी शिक्षकों की भूमिका, डीआरजी की भूमिका, कक्षा प्रबंधन और उल्लास प्रवेशिका कैसे पढाएं, भाषा एवं गणित पाठ योजना इत्यादि विषयों पर चर्चा हुई। आगे धारा यादव के द्वारा प्रौढ़ मनोविज्ञान टॉपिक पर चर्चा करते हुए बताया की हमें प्रौढ़ शिक्षार्थियों के भावनाओं को समझते हुए उनको उल्लास केंद्र तक कैसे लाना है व कक्षा प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रीति देशपाण्डे के द्वारा विषय वस्तु व पाठ योजना पर चर्चा की जिसमें शिक्षार्थियों को बेहतर पाठ योजना तैयार कर कैसे साक्षर करने पर चर्चा की।

## व्यापार समाचार

### बिलासपुर छत्तीसगढ़ की टीम 'एन्वटेक' को सैमसंग 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' के लिये चुना गया; टॉप 20 सेमी-फाइनलिस्ट में जगह बनाई

**बिलासपुर:** सैमसंग इंडिया ने आज अपने प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' 2024 के लिये राष्ट्रीय स्तर पर चुनी गई टॉप 20 टीमों की घोषणा कर दी है। यह टीमें आगामी नेशनल राउंड में जाने के लिये तैयार हैं और ये सभी टीमें देश के अलग-अलग हिस्सों से आई हैं। इनमें भारत के 12 राज्यों और 2 संघ शासित क्षेत्रों के लोग हैं। कुछ लोग तो देश के सुदूर इलाकों जैसे कि मणिपुर के इंफाल, मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से आए हैं। प्रोग्राम के तीसरे एडिशन में विद्यार्थियों ने दो बेहद महत्वपूर्ण विषयों पर अपने आइडिया दिये थे- 'कम्युनिटी एण्ड इंक्लूजन' और 'एनवायरनमेंट एण्ड सस्टेनेबिलिटी'। स्कूल ट्रैक में करीब 20त्न आइडिया वंचित समुदायों की शिक्षा और संसाधनों तक पहुँच से जुड़े मुद्दों, आनुभविक शिक्षण एवं डिजिटल साक्षरता की चुनौतियों पर केन्द्रित थे। यूथ ट्रैक में करीब 25त्न आइडिया जल संरक्षण, आर्सेनिक से होने वाले प्रदूषण, पानी के अपव्यय और नदियों के इर्द-गिर्द पारिस्थितिक असंतुलन पर केन्द्रित थे। इसके अलावा, लगभग 40त्न आइडिया ने यातायात से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने, कचरे के प्रबंधन की विधियों के अभाव, सिंगल-यूज प्लास्टिक में बढ़ोतरी और जंगल की आग पर फोकस किया था। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट एसपी चुन ने कहा, ''सैमसंग के प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' ने इस साल स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों को सशक्त करने पर फोकस किया है, ताकि वे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए दुनिया की असली चुनौतियों से निपट सकें। इस साल हमारा ध्यान देश के कोने-कोने से भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर था और देश के हर हिस्से से आए प्रतिभागियों को देखकर हम उत्साहित हैं।

### अप्सररा आइसक्रीम्से ने की अपनी 53वीं सालगिरह पर मुस्कारन लॉन्चस की घोषणा

**रायपुर।** लोगों के चेहरों पर खुशी और मुस्कुकराहट लाने की एक कोशिश में अप्सशरा आइसक्रीम्सी ने आज एक अनोखी पहल मुस्काउन को लॉन्चप करने की घोषणा की है। यह पहल 78वें स्वकतंत्रता दिवस के मौके पर ब्रैंड की 53वीं सालगिरह पर शुरू की जा रही है। इस अवसर पर बात करते हुए, अप्सवरा आइसक्रीम्स के संस्थाचपक भागीदार श्री नेमचंद शाह ने कहा, ''मुस्काखन का मुख्य् मकसद समाज के विभिन्नप वर्गों तक खुशियाँ पहुँचाना और हमारी 53वीं सालगिरह भी मनाना है। यह लॉन्चा 78वें स्वा ?धीनता दिवस पर 15 अगस्तु को होगा और हम सभी के लिये यह बड़े गर्व की बात है। उन लोगों के चेहरों पर मुस्कुवराहट देखने के लिये हम सचमुच उत्सारहित हैं और उनका दिन यादगार बना देंगे। हमें समाज को उसके उपकारों के बदले कुछ लौटाने और उनके जीवन को खुशियों से भरने पर बड़ा यकीन है।'' अपने विचार रखते हुए, अप्स'रा आइसक्रीम्सल के प्रबंध भागीदार श्री. केयूर शाह ने कहा, ''पूरा जोर समाज के विभिन्नब स्तपरों तक पहुँचने पर दिया जा रहा है। यह बड़े गर्व का विषय है कि हम अपनी वर्षगांठ 78वें स्वानधीनता दिवस के अवसर पर मना रहे हैं। इस पहल का लक्ष्या जरूरतमंद लोगों को खुशियाँ और मुस्कुकराहट देना और सामाजिक जिम्मेदारी के लिये अप्स ।रा की प्रतिबद्धता दिखाना है। अप्सरा आइसक्रीम्सा एक स्थामपित और भरोसेमंद ब्रैंड है, जो बाजार में पाँच दशकों से अधिक समय से उपस्थित है।

### सोनी इंडिया की ब्राविया 8 ओएलईड टेलीविज़न सीरीज़ के साथ घर बैठे लें बड़े स्क्रीन पर सिनेमा देखने का आनंद

**रायपुर।** सोनी इंडिया ने आज ब्राविया 8 सीरीज की घोषणा की, जो होम एंटरटेनमेंट सिस्टम की काफी पसंद की जाने वाली उत्पाद लाइन की नई पेशकश है। इस नई सीरीज में बेजोड़ पिक्चर क्वालिटी और शानदार ऑडियो प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक ओएलईड तकनीक और एडवांस्ड एआई प्रोसेसर एक्सआर का उपयोग किया गया है। आज के दौर के दर्शकों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन की गई, ब्राविया 8 सीरीज परफेक्ट ब्लैक, प्रेसाइज शैडो डिटेल और डायनेमिक कंट्रास्ट प्रदान करती है, साथ ही अकूस्टिक सरफेस ऑडियो+ और डॉल्बी विज़न एटमॉस तथा अग्रणी स्ट्रीमिंग सेवाओं के सहयोग से विकसित विभिन्न स्टूडियो कैलिब्रेटेड मोड के साथ साउंड को बेहतर बनाती है। ब्राविया 8 सीरीज स्टूडियो कैलिब्रेटेड मोड से लैस है, जो घर के माहौल में फिल्म कंटेंट क्रिएटर के लिए उनकी पसंदीदा इमेज क्वालिटी रिप्रोड्यूस करता है। मौजूदा स्थापित नेटफ्लिक्स अडेप्टिव कैलिब्रेटेड मोड और सोनी पिक्चर्स कोर (पहले ब्राविया कोर) कैलिब्रेटेड मोड के अलावा, प्राइम वीडियो कैलिब्रेटेड मोड एक नया मोड है जिसे ग्राहकों को निर्माता के लेंस के माध्यम से प्रीमियम मनोरंजन का अनुभव करने के और भी तरीके प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### जीएसके के नए जागरूकता एवं बचाव अभियान से जुड़े अमिताभ बच्चन एवं मनोज पाहवा

**रायपुर,** जीएसके ने आज शिंगल्स के प्रति जागरूकता के लिए नया कैंपेन लॉन्च किया इस कैंपेन में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन एवं प्रतिष्ठित अभिनेता मनोज पाहवा चिकनपॉक्स और शिंगल्स के बीच के वैज्ञानिक संबंधों के बारे में विस्तार से समझाते हुए नजर आएंगे। कैंपेन फिल्मों में शिंगल्स के बारे में चर्चा कर रहे दो दोस्तों के बीच की सामान्य बातचीत को ही केंद्र में रखा गया है। इसमें डायबिटीज से पीड़ित लोगों में शिंगल्स की अधिक आशंका के बारे में भी विमर्श किया गया है। जीएसके की पेशेंट एम्पावरमेंट हेड विज्ञेता अग्रवाल ने कहा 2023 का एपीआई-इप्सॉस सर्वे दिखाता है कि यहां तक कि जिन लोगों को शिंगल्स हो चुका है उन्हें भी अपनी इस दर्दभरी बीमारी का कारण नहीं पता होता है यह जरूरी है कि 50 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को शिंगल्स और इससे बचाव के बारे में पता हो। हम शिंगल्स होने के वैज्ञानिक कारणों और चिकनपॉक्स एवं शिंगल्स के बीच के संबंधों को सामान्य तरीके से समझाना चाहते हैं।

# अमेरिका ने फ्रांस को हराकर लगातार पांचवां पुरुष बास्केटबॉल स्वर्ण जीता



**पेरिस(एजेंसी)।** अमेरिका ने पेरिस खेलों में बर्सी एरेना में भारी भीड़ के सामने फ्रांस को 98-87 से हराकर लगातार पांचवां ओलंपिक पुरुष बास्केटबॉल स्वर्ण पदक जीता। अमेरिकियों द्वारा भाग लिए गए 20 ओलंपिक में यह उसका 17वां स्वर्ण पदक था। लगातार पांच स्वर्ण पदक पुरुषों के लिए अमेरिका द्वारा पहले सात ओलंपिक प्रतियोगिताओं को जीतने का दूसरा सबसे लंबा सिलसिला है। स्टीफन करी आठ 3-पॉइंटर्स पर 24 अंकों के साथ समाप्त हुए और पांच सहायता प्राप्त की। अमेरिकी ओलंपिक बास्केटबॉल इतिहास में सर्वकालिक अग्रणी पुरुष या महिला स्कोरर केविन ड्यूरेंट ने इस ओलंपियाड का अपना एकमात्र मैच शुरू किया और उनके 15 अंक, चार रिबाउंड और चार सहायता थीं। एनबीए के करियर स्कोरिंग लीडर और अमेरिकी ओलंपिक सहायता लीडर लेब्रोन जेम्स ने 14 अंक, 10 सहायता और छह रिबाउंड जोड़े। अमेरिका के लिए डेविन बुकर के 15 अंक और छह रिबाउंड और एंथोनी डेविस के आठ अंक, नौ रिबाउंड और चार ब्लॉक किए गए शॉट थे, जो ओलंपिक इतिहास में 144-5 हैं। यह सोना अमेरिकी रोस्टर की विरासत में जुड़ गया है जिसमें 15 एनबीए चैंपियनशिप वाले खिलाड़ी, चार एनबीए एमवीपी वाले खिलाड़ी, पिछले 13 एनबीए फाइनल एमवीपी में से सात और एनबीए की 75वीं वर्षगांठ टीम के चार सदस्य (जेम्स, करी, ड्यूरेंट और डेविस) शामिल हैं। इस अमेरिकी टीम की तुलना 1992 की ड्रीम टीम से की गई है, जो ओलंपिक में एनबीए खिलाड़ियों वाली पहली टीम थी और जिसने आसानी से स्वर्ण पदक जीता था। जबकि ड्रीम टीम ने अन्य देशों को अपने कार्यक्रमों में सुधार करने के लिए प्रेरित किया, अमेरिका ने तब से ओलंपिक में शासन किया है।

## तमिलनाडु के कोयंबटूर में बन रहा दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

### नरेंद्र मोदी स्टेडियम भी उसके सामने लगेगा छोटा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत का सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का नाम नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम है, जिसमें 1 लाख 32 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है. लेकिन, अब क्रिकेट फैंस के लिए बहुत ही अच्छी खबर आ रही है. बताया जा रहा है कि जल्द ही भारत में नरेंद्र मोदी स्टेडियम से भी बड़ा स्टेडियम बनने वाला है. भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए अच्छी खबर आई है. देश में नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम से भी बड़ा स्टेडियम बनने वाला है. ये स्टेडियम तमिलनाडु के कोयंबटूर में बनेगा, जिसकी घोषणा हो चुकी है. चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम के बाद दूसरा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम होगा. कोयंबटूर वैसे ही बेहद खूबसूरत है. ऐसे में क्रिकेटर्स नए स्टेडियम में खेल को और भी अधिक इंज्वॉय कर सकेंगे. राज्य के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा और युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन इस परियोजना में सबसे आगे रहे हैं. मिली जानकारी के अनुसार, तमिलनाडु कोयंबटूर में 200 एकड़ में दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम बनाने की योजना बनाई जा रही है।

## आंद्रेई रुब्लेव ने बीमार सिनर को हराकर मॉन्ट्रियल सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**मॉन्ट्रियल(एजेंसी)।** आंद्रेई रुब्लेव ने मौजूदा चैंपियन जानिक सिनर को तीन सेटों में हराकर विश्व नंबर 1 को हराकर मॉन्ट्रियल मास्टर्स सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रुब्लेव ने सिनर पर 6-3, 1-6, 6-2 से जीत हासिल की और एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में आठवें स्थान पर पहुंच गए, जिससे वह स्टेफानोस सितसिपास से आगे हो गए क्योंकि एटीपी फाइनल में जगह बनाने की लड़ाई तेज हो गई है। विशेष रूप से, सिनर मॉन्ट्रियल में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के बाद ट्यूरिन में निट्टो एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। वह ट्यूरिन में प्रतिष्ठित सीज़न फाइनल में अपनी लगातार दूसरी और कुल मिलाकर तीसरी उपस्थिति दर्ज कराएंगे, जो इस साल 10 से 17 नवंबर तक होगा। बारिश से बाधित क्वार्टरफाइनल की शुरुआत से ही सिनर को अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। उनकी आगे-पीछे की लड़ाई में, उनके प्रतिद्वंद्वी का पलड़ा लगातार भारी रहा। जैसे ही



दूसरा सेट शुरू हुआ, बारिश के कारण 25 मिनट की देरी हुई। जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो सिनर नए जोश के साथ उभरे, और रुब्लेव को शक्तिशाली और सटीक शॉट्स की एक श्रृंखला के साथ रक्षात्मक होने के लिए मजबूर किया। हालाँकि, दर्द और मतली ने उसे जल्दी ही परेशान कर दिया। तीसरा सेट सिनर के लिए शुद्ध पीड़ा बन गया, जो अपनी सीमा तक पहुँच गया था। वह अंतिम बिंदु तक संघर्ष करता रहा, लेकिन वापसी की कोई भी उम्मीद पहले ही ख़त्म हो चुकी थी।

## एनपीएस ने पेंशन को सभी के लिए बना दिया सुलभ : पीएफआरडीए अध्यक्ष

**जयपुर(एजेंसी)।** पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के चेयरमैन दीपक मोहंती ने कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) ने देश में हर किसी के लिए पेंशन सुलभ बना दिया है। पीएफआरडीए के चेयरमैन ने जयपुर में कॉर्पोरेट्स के लिए एनपीएस पर एक संवादात्मक सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, पहले पेंशन केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए थी। लेकिन, एनपीएस शुरू होने के बाद अब यह सभी के लिए सुलभ है। यह सत्र फिक्की राजस्थान राज्य परिषद द्वारा पीएफआरडीए के सहयोग से आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि देश में 468 मिलियन कार्यबल में से कम से



कम 90 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं। इनके पास सामाजिक सुरक्षा लाभों तक पहुंच नहीं है। उन्होंने कहा, इस संदर्भ में, एनपीएस कर्मचारियों के जीवनसाथी और बच्चों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बन जाता है। आगे यह भी बताया कि बाजार रिटर्न काफी अनुकूल है, क्योंकि एनपीएस एक विनियमित, कम लागत वाला उत्पाद है। भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और बढ़ती उम्र की आबादी के साथ, पेंशन हासिल करना एक बुद्धिमानी भरा निर्णय है। कॉर्पोरेट्स को कर्मचारियों को एनपीएस के बारे में जानकारी देनी चाहिए। पीएफआरडीए के मुख्य महाप्रबंधक सुमित कुमार ने एनपीएस की विशेषताओं जैसे आकर्षक रिटर्न, पारदर्शी और ऑनलाइन पहुंच, पोर्टेबल यूनिक पीआरएएन, कम लागत, लचीले विकल्प और कर दक्षता पर प्रकाश डाला। विलीस टावर्स वॉटसन के सेवानिवृत्ति प्रमुख रितोब्रत सरकार ने सेवानिवृत्ति लाभ नियोजन पर नियोक्ताओं के साथ-साथ कर्मचारियों के दृष्टिकोण बताए। अधिकांश कर्मचारी मुख्य रूप से नियोक्ता सेवानिवृत्ति योजनाओं पर निर्भर हैं, उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति लाभ आकर्षण और प्रतिधारण के लिए एक महत्वपूर्ण चालक हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की महाप्रबंधक रितु गौर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एनपीएस एक प्रमुख सेवानिवृत्ति बचत उत्पाद और दीर्घकालिक धन सृजन योजना है। उन्होंने बताया कि एसबीआई एनपीएस के लिए सबसे पुराना केंद्र है। एसबीआई के पास इस योजना के लिए सबसे बड़ा ग्राहक आधार और पूरे भारत में 20 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है।

## अनिसिमोवा टोरंटो में सबालेंका को हराकर अपने पहले डब्लूटीए 1000 सेमीफ़ाइनल में

**टोरंटो(एजेंसी)।** अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा ने कनाडाई ओपन में आर्यना सबालेंका को हराकर बेलारूसी खिलाड़ी के खिलाफ सात मुकाबलों में अपनी पांचवीं जीत दर्ज की और अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। अनिसिमोवा, जिन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य को



प्राथमिकता देने के लिए 2023 में टेनिस से विश्राम लिया था, ने दो साल से अधिक समय में अपने पहले डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। हालाँकि वह दूसरे सेट में शुरुआती ब्रेक से पिछड़ गई, अनिसिमोवा ने सबालेंका को और अधिक गलतियाँ करने को मजबूर करने के लिए अपने फ्लैट, जबरदस्त ग्राउंडस्ट्रोक का इस्तेमाल किया और 22 वर्षीय खिलाड़ी ने लगातार पांच गेम जीतकर जीत हासिल की। अब वह सोमवार रात के फाइनल में प्रतिष्ठित स्थान के लिए अपनी हमवतन नंबर 8 वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो से भिड़ेंगी। शनिवार के पहले क्वार्टरफाइनल में, नवारो ने लकी लूजर टेलर टाउनसेंड को 6-3, 7-6(5) से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अनिसिमोवा ने मीडिया को बताया कि उन्होंने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से प्रेरणा ली है, जिन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिए टेनिस से ब्रेक लिया था और तब से खेल के भीतर इस विषय पर एक प्रमुख खिलाड़ी बन गई हैं।

## लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो की मेजबानी करेगा एमिटी इंटरनेशनल स्कूल रायपुर

**रायपुर:** एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर 15 अगस्त, 2024 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में, लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो का आयोजन करने जा रहा है7 यह रोमांचक कार्यक्रम स्कूल के परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 3 एज ग्रुप (2.5 से 3.5, 3.5 से 4 और 4 से 6) के बच्चे भाग लेंगे। तीनों एज ग्रुप से 3-3 विजेता घोषित किए जाएंगे। विजेताओं को अवॉर्ड और नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो छोटे बच्चों के लिए अपनी रचनात्मकता और भारतीय विरासत पर गर्व व्यक्त करने का एक शानदार अवसर है। प्रतिभागियों को पारंपरिक पोशाक, स्वतंत्रता सेनानियों, भारतीय सुपरहीरो जैसी




प्रतिष्ठित हस्तियों और भारत की विरासत के प्रतीकों, हमारी समृद्ध संस्कृति को जीवंत करने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध अभिनेता अभिनव चतुर्वेदी, जयश्री अरोड़ा और एक प्रमुख टेलीविजन व्यक्तित्व-लाइफ कोच डॉ. वंदना वडेरा शामिल रहेंगे। इस शो के तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार मिलेगा। साथ ही, बच्चों को देशभक्ति और सामुदायिक जुड़ाव के लिए भी मोटिवेट किया जाएगा।

एमिटी रायपुर ने युवा सितारों को लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो के लिए आमंत्रित किया है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 'विश्व जैव ईंधन दिवस 2024' पर स्वच्छ और हरित वाहन गतिशीलता के लिए समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया

**दिल्ली:** वैश्विक स्तर पर निरंतरता के चैंपियन के रूप में, टोयोटा 2050 तक कार्बन तटस्थता के लिए प्रतिबद्ध है और इसका लक्ष्य 2035 तक विनिर्माण कार्यों में शुद्ध शून्य कार्बन प्राप्त करना है। यह टोयोटा पर्यावरण चुनौतियों 2050 (टीईसी 2050) से निर्देशित होगा। आज, विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ससटेनेबल मोबिलिटी (जारी रहने योग्य गतिशीलता) के प्रति अपनी कटिबद्धता को दोहराता है। कंपनी करंट एनर्जी मिक्स (चालू ऊर्जा मिश्रण), अनूठी उपभोक्ता आवश्यकताओं, बुनियादी ढांचे की तत्परता और 2047 तक ऊर्जा में 'आत्मनिर्भर' बनने की दिशा में सरकार के विविध प्रयासों जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करते हुए कई स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को पेश करके और उनका समर्थन करके अधिक तत्परता के साथ हरित गतिशीलता समाधानों को आगे बढ़ा रही है। भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। आयात के साथ-साथ देश में जीवाश्म ईंधन की खपत भी तेजी से बढ़ रही है। इससे अप्रैल 2024 के दौरान कच्चे तेल का आयात तीसरे सबसे ऊंचे स्तर के रिकार्ड पर पहुंच गया। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता भारत ने अप्रैल '24 में 21.4 मिलियन टन (एमटी) कच्चे तेल का आयात किया और वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 232.5 मिलियन टन कच्चे तेल का आयात किया (स्रोत: अप्रैल 2024 पीपीएसी डेटा) । गतिशीलता की जरूरतों में बड़ी वृद्धि के कारण, परिवहन क्षेत्र, जो वर्तमान में तेल की मांग का लगभग 50त्न हिस्सा है (स्रोत: आईईए 2021) ,इसमें सबसे महत्वपूर्ण योगदान जीवाश्म ईंधन का होगा। जीवाश्म ईंधन की अधिक खपत से कार्बन उत्सर्जन भी अधिक होगा। इसलिए, जीवाश्म ईंधन से तत्काल दूर जाना जरूरी है। स्थायी और हरित भविष्य की दिशा में, बिजली और वैकल्पिक ईंधन (जैव ईंधन) जैसी स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करने वाली प्रौद्योगिकियों में बदलाव महत्वपूर्ण है। जैव ईंधन किफायती और टिकाऊ ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह भारत को ऊर्जा सुरक्षा चिंताओं से निपटने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करके जलवायु परिवर्तन से निपटने का एक बड़ा अवसर प्रदान करता है।

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 13 अगस्त 2024



## बिलासपुर में विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

**रायपुर (पीआईबी)।** विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के अवसर पर 14 से 16 अगस्त, 2024 तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी विद्यालय, चिंगराजपारा, बिलासपुर में एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाई, केंद्रीय संचार ब्यूरो, रायपुर द्वारालगायी जा रही है। प्रदर्शनी के साथ ही साथ अन्य कई गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विद्यालयीन छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिक शामिल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद योगेंद्र शर्मा की 62वीं जयंती पर शहीद उद्यान में क्षेत्रवासियों ने किया पुष्पांजलि अर्पित



**रायपुर/धरसीवां ( विश्व परिवार )।** शहीद योगेंद्र शर्मा जी की 62 जयंती के अवसर पर पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा के द्वारा आज शहीद योगेंद्र शर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसीवा में मरीज एवं उनके परिजनों को फल वितरण कर यहां पर स्थापित मूर्ति में पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात धरसीवा स्थित शहीद उद्यान में स्थापित मूर्ति में समस्त क्षेत्र वासियों के साथ उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की और कार्यालय में विशाल भोग भंडारा आयोजन हुआ इस दौरान क्षेत्रवासियों ने भोग भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर में सभी ने शहीद योगेंद्र शर्मा जी को नमन किया और याद करते हुए कहा सहादत को प्रदेश और क्षेत्र की जनता कभी भूला नहीं सकती उन्होंने प्रदेश और क्षेत्र की जनता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है हम उनके सदैव ऋणी रहेंगे। इस कार्यकम के अवसर में प्रमुख रूप से समस्त क्षेत्रवासी कांग्रेस कार्यकर्ता उनके सहपाठी और परिवारजन सहित भारी संख्या अन्य लोग उपस्थित रहे।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व विधायक ने किया फल वितरण, कार्यालय में विशाल भोग भंडारा का अयोजन**

### बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के अध्ययनरत् संतानों से वित्तीय सहायता के तहत छात्रवृत्ति के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन कार्यरत् श्रम कल्याण संगठन, रायपुर परिक्षेत्र द्वारा शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के तहत छत्तीसगढ़ के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइट, लौह, मैग्जीन, कोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत् संतानों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जा रहा है।

इस वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत कक्षा एक से उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु एक हजार रूपए से लेकर अधिकतम 25 हजार रूपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक छात्र एवं छात्राएं नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल httpsÑ//scholarships.gov.in पर आनॅलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2024 और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2024 है। ऑनलाइन आवेदन संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए श्रम कल्याण संगठन, रायपु परिक्षेत्र कार्यालय के दूरभाष क्रमांक- 0771-2282409 और मोबाइल क्रमांक- +91-7489824599 एवं ई-मेल आईडी- wcraipur.cg@nic.in या dwc_raipur@rediffmail.com पर किया जा सकता है।

## डोंगरगढ़ प्रतिभास्थली में 'ज्ञानोदय प्रतिभाखोज पुरस्कार' वितरण समारोह सानंद सम्पन्न







**डोंगरगढ़ ( विश्व परिवार )।** जैन समाज द्वारा दिनांक 12 अगस्त को प्रतिभा खोज परीक्षा के प्रतिभावान बच्चो को पुरस्कार वितरण का समारोह प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ में किया गया। ज्ञात है की संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्या सागर जी महाराज के आशीर्वाद से संचालित प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ डोंगरगढ़ में प्रतिभा खोज परीक्षा के पुरस्कार का वितरण कार्यकम किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपवन विभाग अधिकारी पूर्णिमा राजपूत एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री मति वीरेंद्र कोर मंगत उपस्तिथि रही। उनके हाथ से छात्राओं को साइकिल, बैग्स आदि विभिन्न उपहार प्रदान किए गए यह कार्यकम शिक्षा के स्तर को और ऊंचा उठने के उद्देश्य किया गया। यह परीक्षा 27 जनवरी को प्रतिभखोज परीक्षा प्रतिभास्थली द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमे 500 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया था, इस पर अवसर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री मति वीरेंद्र कोर ने अपने उद्बोधन के माध्यम से छात्राओं में नया उत्साह एवं उमंग भरा जिससे सभी ने संकल्प किया की हम भी अपने अध्ययन मनन से इस भारत को नया आयाम प्रदान करेंगे। हमारा भारत पुनः स्वर्णिम भारत होगा।

पुरस्कृत छात्राओं के नाम इस प्रकार हैं-कक्षा पहली से प्रथम-पलक पिस्दा 100 प्रतिशत द्वितीय-तृषा कुमारी कोसा कुम्हड़ा टोला 97.50 प्रतिशत, तृतीय-काव्या नंदेश्वर डोंगरगढ़ 90 प्रतिशत। कक्षा-दूसरी से प्रथम-किंजल साहू मुरमुंदा 95 प्रतिशत, द्वितीय-हेमांसी लाउत्रे मानिकपुर रामाटोला 93 प्रतिशत, तृतीय पुरस्कार के लिए तीन छात्राएं हैं-90 प्रतिशत रिया गोंड मडियान, परिलिता कंवर मडियान, जानवी मडियान।कक्षा-तीसरी से प्रथम पूर्वी सिंह गहरवार डोंगरगढ़ 97 प्रतिशत, द्वितीय-दीप्ति ठाकरे मुरमुंदा 94 प्रतिशत, कक्षा -चौथी से प्रथम-शीतल पटेल मुसरा कला डोंगरगढ़ 97 प्रतिशत, द्वितीय-ईक्षा सिन्हा कल्याणपुर भोथली 90 प्रतिशत, कक्षा-पांचवी से प्रथम-चहक गजेंद्र डोंगरगढ़ 93 प्रतिशत आदि को पुरस्कार वितरण किए गए। **-शुभि दीदी**

## इंडोर स्टेडियम में 23 अगस्त से लगेगा क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अगर आप अपने सपनों का फ्लैट, प्लाट या विला लेने का प्लान कर रहे है, तो आपके लिए क्रेडाई छत्तीसगढ़ लाया है सुनहरा अवसर। बता दे की इस बार क्रेडाई छत्तीसगढ़ घर का मामला थीम पर इस बार रायपुरियंस लिए लाया है आकर्षक ऑफर। राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार से तीन दिवसीय क्रेडाइ प्रापर्टी एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। यह एक्सपो 23 से लेकर 25 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। हर परिवार का सपना होता है की उनका खुद का एक आशियाना हो, इसे ही सुलझाने और प्रापर्टी खरीदी करने में मददगार बनने आपका भरोसेमंद साथी क्रेडाई छत्तीसगढ़ एक बार फिर अपना प्रापर्टी एक्सपो लेकर आ रहे हैं। क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो आयोजन को लेकर पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय रहेजा ने बताया प्रापर्टी एक्सपो में लगभग 200 प्रोजेक्ट के साथ 40 डेवलपर्स मौजूद रहेंगे। आगे उन्होंने कहा की यहां बेस्ट लोकेशन, बेस्ट क्वालिटी, बेस्ट प्रापर्टी हायर करने का इससे अच्छा मौका नहीं मिलेगा।

क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय रहेजा ने बतया की एक्सपो में बायर्स को आन स्पाट बुकिंग पर काफी सारे उपहार क्रेडाइ की ओर से दिए जाते हैं। तीनों ही दिन ड्रा निकाले जाएंगे। आखिरी दिन बंफर ड्रा निकाला जायेगा। पिछले साल ड्रा में दोपहिया, एसी, वाशिंग मशीन, होम एप्लायंसेस व अन्य उपहार दिए गए थे इस बार भी ऐसे ही आकर्षक ऑफर्स मौजूद रहेंगे। क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो में प्रापर्टी लेने वालों को फाइनेंस की आसान सुविधा भी मिलेगी इसलिए कि होम लोन उपलब्ध कराने के लिए बैंकों के स्टाल भी यहां होंगे।

क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो की एक खास बात यह है कि इस बार रेरा का स्टाल भी कस्टमर के लिए उपलब्ध रहेगा। जिससे वे अपनी पसंद के प्रोजेक्ट की पूरी लीगल जानकारी भी हासिल कर सकेंगे। क्रेडाई छत्तीसगढ़ से जुड़े सारे डेवलपर्स रेरा के सभी निर्धारित मापदंडों व नियमों का पालन करते हैं. डेवलपर्स भी प्रापर्टी बायर्स को पूरी तरह वैधानिक प्रोजेक्ट वास्तविक सुविधाओं के साथ देने प्रतिबद्ध रहते हैं इसलिए प्रापर्टी खरीदी करने वाले सभी बायर्स पूरे भरोसे के साथ एक्सपो में आकर क्रेडाई से संबद्ध डेवलपर्स से खरीदी कर सकते हैं और अपने सुरक्षित निवेश के लिए क्रेडाई पर सौ फीसदी भरोसा करते हैं और करते रहेंगे।

## इक्किसा जाप का मंगल कलश, अखंड ज्योत व दादागुरुदेव की मूर्ति स्थापना विधान भक्ति भाव से चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में सम्पन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री गुरु देव दयाल को मन में ध्यान लगाए, अष्ठ सिद्धि नव निधि मिले मनवांछित फल पाए के संगीतमय इक्तिसा के साथ भैरव सोसाइटी स्थित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में 21 दिवसीय इक्तिसा जाप का मंगलमय स्थापना महोत्सव सम्पन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने गुरु चरणों में अपनी भावांजली अर्पित करते हुए दादा गुरुदेव से समाज व देश में सुख शांति, समृद्धि के लिए अरदास कि, उपरोक्त जानकारी श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने देते हुए बताया की सर्वप्रथम विधिकारक श्री विमल गोलछा ने नवकार मंत्र का पाठ, गुरु इक्तिसा का सामूहिक गायन से कार्यक्रम को प्रारंभ किया सर्वप्रथम मंगल कलश की स्थापना का विधान दादा गुरुदेव कि छतरी की 3 प्रदक्षिणा लगाकर लाभार्थी परिवारों द्वारा स्थापित किया गया, दादा गुरुदेव की मूर्ति स्थापना के लाभार्थी परिवार तिलोकचंद, शांतिलाल, अशोक बरडिया परिवार से निकेश, अंकिता बरडिया ने प्रभु सीमंधर स्वामी के गर्भ गृह की 3 फेरी दे कर दादा गुरुदेव कि मूर्ति को मार्बल के मंदिर में स्थापित किया वही अखंड ज्योत की स्थापना नूतन चांदी के दीपक में ज्योत प्रज्वलित कर लाभार्थी परिवार श्री मूलचंद संतोष सरला बैद द्वारा पूर्ण विधि विधान, मंत्र उच्चारण के साथ स्थापित कि गई तथा कुंभ कलश को लाभार्थी परिवार श्री इंदरचंद आकाश श्रीश्रीमाल द्वारा तांबे के पवित्र कलश में चांदी के सिक्के, अक्षत पूजा सुपारी, से भरकर स्थापना का विधान पूर्ण किया। बरड़िया परिवार द्वारा दादा गुरुदेव की मूर्ति की अष्ठ प्रकारी पूजा करके छतरी की 3 प्रदक्षिणा देते हुए मार्बल के सुंदर कलापूर्ण मंदिर में मूर्ति की स्थापना पुण्याह्म पुण्याह्न प्रियंताम प्रियंताम के मंत्रों से की गई, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरला बैद अंकिता बरडिया श्रीमती मंजू कोठारी सपना गोलछा ममता बरमट ट्रस्टी निलेश गोलछा, डॉ योगेश बंगानी संतोष झाबक, महेन्द्र कोठारी आदि उपस्थित थे, आज रात्रि 8 बजे से 21 दिवसीय इक्तिसा जाप का प्रारंभ हुआ सभी भक्त जन गुरु कृपा प्राप्त करने प्रतिदिन इक्तिसा जाप में भाग लेंगे।

## मैट्स विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस सम्पन्न

**छात्रों द्वारा भाषण, कविता एवं पोस्टर कला का प्रदर्शन**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मैट्स विश्वविद्यालय के मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस विभाग द्वारा राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यार्थियों के लिए भाषण, कविता व पोस्टर कला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भागीदारी की और अपने भाषण, कविता पोस्टर कला का प्रदर्शन किया।

उल्लेखनीय है कि प्रथम भारतीय विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो.डॉ. एसआर रंगनाथन के जन्म दिवस पर प्रतिवर्ष 12 अगस्त को पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया जाता है। पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्मश्री डॉ. एसआर रंगनाथन के 132 वीं जयंती के अवसर पर पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्म दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों सहित प्राध्यापकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कल्पना चंद्राकर, विभागाध्यक्ष मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस विभाग द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मैट्स विश्वविद्यालय के महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो. डॉ. के. पी. यादव जी उपस्थित थे। भाषण व कविता प्रस्तुतिकरण में छात्रों द्वारा पुस्तकालय विज्ञान में डॉ. रंगनाथन महोदय के जीवन के चुनिंदा पहलुओं के बारे में साथ ही पुस्तक, पुस्तकालय और ज्ञान के संबंध में वक्तव्य पेश किये गये। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शिक्षकों द्वारा स्व-रचित पुस्तकें पुस्तकालय में दान किया गया, जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. के. पी. यादव ने सूचना उपयोकर्ताओं की आवश्यकता को पूरा करने और आने वाली चुनौतियां से निपटने की तैयारी के बारे में विस्तार से अपने उद्बोधन में स्पष्ट किया। एक अच्छी पुस्तकालय सूचना पुनर्प्राप्ति प्रणाली को प्रभावी ढंग से जानकारी संग्रहित, पुनर्प्राप्ति और प्रसारित करने में सक्षम होना चाहिए। पुस्तकालय सूचना पुनर्प्राप्ति प्रणालियों का महत्व उपयोगकर्ताओं को समय पर प्रासंगिक जानकारी प्रदान करने की उनकी क्षमता में निहित है। यह उपयोगकर्ताओं को सूचित निर्णय लेने और ज्ञान तक जल्दी पहुँचने में सक्षम बनाता है। साथ कुलसचिव श्री गोकुलानंदा पंडा द्वारा अपने वक्तव्य में गैर-पाठकों में अक्सर पढ़ने के लिए प्रेरणा और रुचि की कमी होती है, और यह पुस्तकालयों पर निर्भर करता है कि वे उनमें पढ़ने और सीखने के प्रति रूचि पैदा करें। गैर-पाठकों को पाठक बनाने के लिए पुस्तकालय विभिन्न प्रभावी रणनीतियाँ अपना सकते हैं।

इस अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो.डॉ. के.पी. यादव, उपकुलपति डॉ. दीपिका ढांढ, कुलसचिव श्री गोकुलानंदा पंडा, लाइब्रेरी कमेटी के अध्यक्ष डॉ.प्रशांत मुंडेजा ने इस आयोजन की सराहना की एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर लाइब्रेरी साइंस विभाग के शिक्षकगण सहायक प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक श्री संजय शाहजीत, सहायक प्राध्यापक श्री लाकेश कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक श्री कुलेश्वर प्रसाद देवांगन एवं सहायक ग्रंथपाल श्री गिरधारी लाल पाल का कार्यकम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा। कार्यकम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकगण भी उपस्थित थे।

## एमएमआई नारायणा अस्पताल ने विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर किया जागरूकता गतिविधि का आयोजन




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एमएमआई नारायणा अस्पताल ने कल विश्व अंगदान दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया, जिसमें अस्पताल के कर्मचारियों, नर्सिंग छात्रों और समुदाय के सदस्यों सहित 50 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया। इस कार्यकम का उद्देश्य अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और अधिक लोगों को जीवन बचाने के लिए अपने अंगों को दान करने के लिए प्रेरित करना था। दिनभर की गतिविधियों को इस तरह से डिजाइन किया गया था कि वे लोगों को शिक्षित और प्रेरित कर सकें। डॉ. सुनील धर्मानी के मार्गदर्शन में, नर्सिंग स्टाफ और छात्रों ने मिलकर प्रभावशाली पोस्टर बनाए, जो अंगदान के महत्व को उजागर करते हैं। इन दृश्य प्रस्तुतियों ने इस संदेश को शक्तिशाली रूप से व्यक्त किया कि अंगदान से बड़ा कोई दान नहीं है। अंगदान दूसरों के जीवन में खुशी और मुस्कान ला सकता है। सिर्फ अंगदान करके आप हमेशा के लिए जीवित रह सकते हैं।

कार्यकम में अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा आयोजित नाटकों और शैक्षिक कार्यकमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें अंगदान की जीवनरक्षक संभावनाओं पर जोर दिया गया। अस्पताल के कर्मचारियों के बीच एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने रचनात्मक रूप से इस संदेश को प्रस्तुत किया कि हर व्यक्ति को जरूरतमंद की मदद के लिए अपने अंगों का दान करने पर विचार करना चाहिए। कार्यकम के दौरान डॉ. सुनील धर्मानी ने कहा, कई लोग अंग विफलता के कारण अपनी जान गंवा देते हैं, भले ही वे जीवित रहने के लिए कड़ी मेहनत करते हों। दुर्भाग्यवश, अंगदान के महत्व को अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है, और कई संभावित दाता इस जीवनरक्षक कदम को उठाने के लिए तैयार नहीं होते। कितने अंग अज्ञानता के कारण खो जाते हैं अगर हम अपने अंग दान करते हैं, तो हम किसी को जीने का मौका देते हैं, उनके भविष्य की तैयारी का मौका और फिर से खुशी का अनुभव करने का अवसर देते हैं। अस्पताल की गतिविधियों को इस मुख्य विश्वास के साथ आयोजित किया गया था कि अंगदान एक महान कार्य है, जो दाता की मृत्यु के बाद भी जीवन बचा सकता है। इस कार्यकम का समापन जनता के लिए इस जोरदार संदेश के साथ हुआ: अपने अंग दान करें ताकि किसी को जीने का दूसरा मौका मिल सके।

एमएमआई नारायणा अस्पताल को उम्मीद है कि विश्व अंगदान दिवस के इस उत्सव से अधिक लोगों को अपने अंग दान करने की प्रेरणा मिलेगी और वे जीवन बचाने में योगदान देंगे।

## रायपुर रेल मंडल में 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरूआत

**भारतीय रेलवे में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जायेगा**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेंगे**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** हर घर तिरंगा एक अभियान है जो आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की स्वतंत्रता को चिह्नित करने के लिए सभी को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया था।

इस वर्ष भी हर घर तिरंगा पूरे देश में 13 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक मनाया जाएगा, जिसमें लोगों को अपने परिसर में झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अभियान की पहुंच और प्रभाव को अधिकतम करने के लिए रेलवे प्लेटफार्मों, स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों को हर घर तिरंगा अभियान में जोड़ने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं

सभी रेलवे प्लेटफॉर्म और स्टेशनों पर 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेल्फी लेकर www.harghartiranga.com पर अपलोड करेंने संदेश प्रदर्शित करेंगे। इस पहल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।




रेलवे प्लेटफॉर्म पर हर घर तिरंगा अभियान के बारे में नियमित घोषणाएँ की जा रही हैं। घोषणाओं से यात्रियों को अभियान के महत्व के बारे में जानकारी मिल रही है और उन्हें अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर इसमें भाग लेने के लिए रेलवे प्रोत्साहित कर रहा है।

ट्रेनों के अंदर, रायपुर मंडल के स्टेशनों पर डिस्प्ले स्क्रीन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संदेश दिया जाएगा। यह यात्रियों को अभियान में भाग लेने के लिए निरंतर याद दिलाने में प्रेरित करने का काम करेगा।

देश भर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर हर घर तिरंगा सेल्फी कॉर्नर स्थापित किए जा जायेंगे ये सेल्फी कॉर्नर यात्रियों को राष्ट्रीय ध्वज के साथ तस्वीरें लेने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभियान को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित स्थान प्रदान करेंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के समस्त कर्मचारियों दिनांक 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे।

भारतीय रेलवे में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। दिनांक 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिली और साथ ही मिला बंटवारे का ऐसा दर्द, जिसने देश की आत्मा को लहुलूहान कर दिया। यह दुनिया की सबसे बड़ी मानव त्रासदियों में से एक है। लाखों परिवारों का जीवन अंधेरे में डूब गया। उन्हें जीवन की ऐसी यात्रा तय करना पड़ी, जिसकी कोई मंजिल नहीं थी। इन परिवारों ने भी स्वतंत्रता का मूल्य चुकाया। उनकी त्रासदी को हम याद कर सकें, वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी उनके बलिदानों और पीड़ा से परिचित हो सके, स्वतंत्रता में उनकी आहुति की कीमत को समझ सके। हर साल 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर के प्रमुख स्टेशनों पर दिनांक 14 अगस्त 2024 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक तथ्यों को दर्शाने वाली फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश की विभाजन विभीषिका से संबन्धित तथ्यों को दर्शाती हुई विभिन्न चित्रों को शामिल किया गया है।

इसके साथ ही साथ आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न मनाने के लिए रायपुर रेल मंडल के विभिन्न कार्यालयों सहित प्रत्येक स्टेशनों में तिरंगा फहराया जायेगा।




सिराज इलेक्ट्रिकल्स
इलेक्ट्रिक कार्य के लिए
अनुभवी लड़कों की
तत्काल आवश्यकता है
पता- : कचना, विधानसभा रोड, रायपुर
MO. : 7081177718, 9301248947

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354